सूर्योदय 7:06 सूर्यास्त 5:22
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 22.0
न्यूनतम 04.8

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)
डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-19520/19-21
मूल्य 1/-

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in
संस्थापक : उत्तम चन्द्र शर्मा (M. 9837042840)
सम्पर्क सूत्र: (कार्यालय) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-345 | बुधवार 15 दिसम्बर, 2021 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

अनमोल वचन

कितना भी पकड़ लो।
फिसलता जरूर है।।
ये वक्त है जनाब।
बदलता जरूर है।।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है

पंजाब में अकाली दल और बसपा मिलकर चुनाव लड़ेंगे : मायावती

उत्तर प्रदेश की क्या क्या योजनाएं हैं?.....

रार पर रार : नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने कराया एडीएम पर केस दर्ज

❑ कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के साथ केस कराया दर्ज
❑ अवकाश पर होने के बावजूद परेशान करने के लगाए आरोप
❑ भतीजे की शादी में अवकाश लेकर गए थे गाजियाबाद

मुजफ्फरनगर, 14 दिसम्बर (बु.)। नगर पालिका परिषद में विवादों का क्रम थमने का नाम नहीं ले रहा है, फिर चाहे विवाद का कारण कोई रहे लेकिन नगर पालिका हर मामले में चर्चाओं के केंद्र में रही है। बीते दिवस वर्तमान पालिका बोर्ड के बेहतर 4 वर्षों की उपलब्धियों का जश्न थमा भी नहीं था कि पालिका में एक ओर विवाद सुर्खियों में आ गया है। इस बार नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने एडीएम प्रशासन के विरुद्ध अभद्रता बरतने के गंभीर आरोप लगाते हुए कोर्ट की शरण ली है, जिसको लेकर मंगलवार को तमाम तरह की चर्चाएं नगर पालिका परिषद से होती हुई नगर की गलियों और आला अफसरों के दफ्तर तक पहुंच गई है। नए मामले में पालिका नगर स्वास्थ्य अधिकारी बिजेन्द्र कुमार सिंह ने अवकाश के दौरान घर पर होने के बीच एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के साथ ही उन पर केस दायर किया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने इस मामाले में एडीएम प्रशासन पर अभद्रता और अपमान करने का गंभीर आरोप लगाने के साथ ही अनावश्यक रूप से एडीएम ई. पर डराने व धमकाने का आरोप लगाया है। उधर, इस मामले में एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी से कार्य के प्रति कोताही किए जाने पर स्पष्टीकरण मांगने के साथ नगर स्वास्थ्य अधिकारी के वेतन पर भी रोक लगा दी।

नगर पालिका में बोर्ड बैठक में हुए विवाद और पूर्व नगर स्वास्थ्य अधिकारी के साथ हुई अभद्रता के बाद चेयरमैन अंजू अग्रवाल के अनुरोध पर सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार के आदेश के बाद सीएमओ कार्यालय में ही अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बिजेन्द्र कुमार सिंह ने बीते 20 नवम्बर को नगर पालिका परिषद में नगर स्वास्थ्य अधिकारी का कार्यभार संभाला था। उन्होंने अपने कार्यालय में करीब 5 घंटे बैठकर पालिका में कार्य भी किया। इसके बाद नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बिजेन्द्र कुमार सिंह सीएमओ से 24 नवंबर तक अवकाश लेकर अपने भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए गाजियाबाद चले गए। इस बीच 21 नवम्बर को एडीएम प्रशासन ने सफाई व्यवस्था को लेकर नगर स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र जारी करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा, जब उनके द्वारा कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो उनके वेतन पर रोक लगा दी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जब वें शादी समारोह में परिवार के बीच थे तो एडीएम प्रशासन का कई बार इस बीच फोन आया। इसके बाद में नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार ने फोन के द्वारा सीएमओ से अवकाश लेने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई। इस मामले में नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने दोनों अधिकारियों को बताया कि वह अपने भतीजे की शादी में इस बीच अवकाश लेकर आया है, लेकिन दोनों अधिकारियों ने उनकी कोई बात नहीं सुनी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने उनके साथ अभद्रता और अपमान किया है। उन्होंने संभ्रात परिवार का हवाला देते हुए उनके खिलाफ न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम में केस दायर करते हुए तमाम साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने बताया कि वह कोर्ट में उपस्थित होकर अफसरों द्वारा किए गए व्यवहार के विरुद्ध कोर्ट में अपना बयान भी दर्ज कराएगे।

इन्होंने कहा-

एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह का कहना है कि पालिका के नगर स्वास्थ्य अधिकारी मेरे खिलाफ कोर्ट गए हैं, मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है। और न ही ऐसा मामला मेरे संज्ञान में है। उन्होंने स्वीकार किया कि बीते दिनों शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी से स्पष्टीकरण जरूर मांगा गया था, लेकिन मेरे द्वारा उनके साथ कोई अभद्रता नहीं की गई है, यह सरासर निराधार है।

शाहपुर के गांव सीमली में हुई चोरी के बाद अस्त-व्यस्त पड़ा घर का सामान

रिश्तेदार सोता रह गया, चोर घर से ले उड़े लाखों के आभूषण

❑ 3 किलो चांदी 30 तोले सोने के आभूषणों पर किया हाथ साफ

शाहपुर, 14 दिसंबर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव सिमली में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक मकान में घुसकर लाखों रुपए के जेवर चोरी कर लिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी। थाना क्षेत्र के गांव सिमली निवासी जितेंद्र सोमवार को अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रिश्तेदारी में भात देने गया था। घर पर वह अपने एक रिश्तेदार को छोड़ गया था। बताया गया कि बीती रात छत से जीने के रास्ते अज्ञात चोर उसके मकान में घुस गए और एक कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखी सेफ व संदूक का ताला तोड़कर 3 किलो चांदी व 30 तोले सोने के आभूषण चोरी कर लिए। सुबह जब उसका रिश्तेदार उठा, तो उसने कमरे का दरवाजा खुला हुआ देखा तो वह हक्का-बक्का रह गया। उसने अंदर जाकर देखा तो घटना का पता चला, जिसके बाद उसने घटना की सूचना रिश्तेदारी में गए लोगों को दी, जिसके बाद वह वापस लौटे और उन्होंने देखा कि घर से सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को घटना की सूचना दी। लाखों रुपए के जेवरात चोरी होने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया और पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। अभी तक घटना के संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मेरठ में धरने पर बैठे किसान की मौत पर जमकर हंगामा

मेरठ, 14 दिसंबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश के मेरठ में नई भूमि अधिग्रहण नीति के तहत मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे एक युवा किसान की मौत से आक्रोशित किसानों ने जमकर हंगामा किया और शव को बीच रास्ते पर रख कर धरने पर बैठ गये। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि शताब्दी नगर सेक्टर 4 बी में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) का नई भूमि अधिग्रहण नीति के तहत मुआवजे की मांग को लेकर पिछले कई वर्षों से धरना जारी है। बताया गया है कि कंचनपुर घोपला गांव निवासी 27 वर्षीय किसान राहुल सोमवार रात अपने पिता कृष्णपाल चौधरी के साथ धरने पर बैठा था। आज तड़के किसी समय ठंड लग जाने से उसकी मृत्यु हो गई। इसकी सूचना मिलते ही बड़े पैमाने पर किसान धरना स्थल पर जमा हो गये। भाकियू नेता विजयपाल घोपला के आह्वान पर उग्र किसान शव को रखकर हंगामा करने लगे और वहीं धरने पर बैठ गये। जिला प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर किसानों को काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने शव नहीं उठने दिया। किसानों की मांग थी कि मृतक किसान की मां को एक करोड़ रुपये का मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाये।

उत्तराखंड के वरिष्ठ विधायक हरवन्स कपूर पंचतत्व में विलीन

देहरादून, 14 दिसम्बर(वार्ता)। उत्तराखंड के देहरादून जिले की देहरा खास विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के लगातार आठ बार विधायक रहे जनप्रिय नेता हरवन्स कपूर का राजकीय सम्मान के साथ सोमवार शाम लक्खीबाग श्मशान भूमि में अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े पुत्र अमित ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पूर्व लगभग ढाई बजे उनकी अंतिम यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय पहुंची, जहां उनके पार्थिव शरीर को मंत्रियों, संगठन कार्यकर्ता और जनता को दर्शनों के लिए रखा गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमूह ने उन्हें अश्रुपूरित विदाई दी।

श्रीनगर आतंकवादी हमले में तीन पुलिसकर्मी शहीद,12 जवान घायल

श्रीनगर,14 दिसंबर (वार्ता) केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के बाहरी इलाके जेवान में सोमवार शाम आतंकवादियों के एक पुलिस बस पर किए गए हमले में तीन पुलिसकर्मी शहीद हो गए और 12 जवान घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि हमले को जैश-ए-मोहम्मद की एक शाखा द्वारा अंजाम दिया गया है। पुलिस ने बताया, ''आज करीब 1800 बजे आतंकवादियों ने श्रीनगर के जेवान पंथा चौक क्षेत्र के पास एक पुलिस वाहन पर अंधाधुंध गोलीबारी की। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि तीन आतंकवादियों ने पुलिसकर्मियों को ले जा रहे एक पुलिस वाहन पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। उक्त पुलिस दल ड्यूटी करने के बाद परिसर वापस लौट रहा था। उन्होंने बताया कि गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया गया है, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर आतंकवादी मौके से भागने में सफल रहे। इस आतंकी घटना में 14 पुलिसकर्मी घायल हुए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।'' गोलीबारी में घायल हुए एक पुलिस सहायक उपनिरीक्षक और एक सेलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल शहीद हो गये हैं। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा कि विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि हमला जैश-ए-मोहम्मद की शाखा 'कश्मीर टाइगर्स' ने किया गया था। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी घायल हुआ है।

अनिल देशमुख की न्यायिक हिरासत 27 तक बढ़ाई गयी

मुंबई, 14 दिसंबर (वार्ता)। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के कथित 100 करोड़ रुपये के रंगदारी मामले में मंगलवार को एक स्थानीय अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत अवधि 27 दिसंबर तक बढ़ा दी। अनिल देशमुख फिलहाल मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद हैं। निलंबित पुलिस अधिकारी सचिन वाजे ने आज राज्य द्वारा नियुक्त एक सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति को बताया कि पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख या उनके किसी अन्य कर्मचारी ने कभी कोई आर्थिक मांग नहीं की।

संजय कपूर की पत्नी महीप कपूर हुई कोरोना संक्रमित

मुंबई,14 दिसंबर (वार्ता)। फिल्म अभिनेता संजय कपूर की पत्नी महीप कपूर कोरोना वायरस (कोविड-19) के वायरस से संक्रमित पायी गयीं। सुश्री महीप ने कोरोना के दोनों टीके लिये हैं, इसके बावजूद कथित तौर पर आठ दिसंबर को करण जौहर के घर पर करीना कपूर खान, अमृता अरोड़ा और सोहेल खान की पत्नी सीमा के साथ पार्टी में शामिल होने के बाद कोरोना से संक्रमित पायी गयीं। इनके अलावा करीना, अमृता और सीमा भी कोरोना से संक्रमित पायी गयीं। संजय कपूर ने पुष्टि की है कि उनकी पत्नी कोरोना टेस्ट में पॉजिटिव पायी गयीं। उन्होंने कहा कि महीप का स्वास्थ्य ठीक है और घर पर सबसे अलग रह रही हैं।

देश में कोरोना संक्रमण के नए मामलों की संख्या छह हजार से कम

नयी दिल्ली, 14 दिसंबर (वार्ता) देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के नए मामलों की संख्या छह हजार से कम रहकर 5,784 रही, जबकि महामारी से इस दौरान 252 और लोगों की मौत हो गयी। इस बीच सोमवार को 66 लाख 98 हजार 601 कोविड टीके लगाये गये हैं और इसके साथ ही कुल टीकाकरण संख्या एक अरब 33 करोड़ 88 लाख 12 हजार 577 हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार देश में पिछले 24 घंटों में 7,995 मरीज स्वस्थ होने के साथ इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ 41 लाख 38 हजार 763 हो गयी है। इस दौरान 2463 सक्रिय मामले घटकर इनकी कुल संख्या 88993 रह गयी हैं और 252 और मरीज जिंदगी की जंग हार गये और अब तक इस वायरस के संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़कर चार लाख 75 हजार 888 हो गयी है। देश में रिकवरी दर 98.37 फीसदी, सक्रिय मामलों की दर 0.26 प्रतिशत और मृत्यु दर 1.37 फीसदी पर बरकरार है।

दिल्ली में ओमिक्रोन के 5 नये मामले

नयी दिल्ली, 14 दिसंबर (वार्ता) राष्ट्रीय राजधानी में ओमिक्रोन वेरिएंट के चार नये मामले सामने आये हैं और इसके साथ ही ऐसे मामलों की संख्या छह हो गयी है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्री जैन ने कहा कि नये पीड़ितों में संक्रमण के हल्के लक्षण दिखायी दे रहे हैं, वे हालांकि कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज ले चुके हैं। उन्होंने बताया कि ओमिक्रोन संक्रमित सभी छह लोगों की हालत स्थिर है और उनमें हल्के से मध्यम लक्षण हैं। इनमें एक मरीज को लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। उन्होंने बताया कि नये मामलों में दो घरेलू हैं और इन पीड़ितों ने विदेश यात्रा नहीं की थी जबकि अन्य दो ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे की यात्रा की थी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अभी सामुदायिक प्रसार का कोई मामला सामने नहीं आया है। नये मामलों के साथ देश में ओमिक्रोन संक्रमण के मामले 53 हो गये हैं। अब तक महाराष्ट्र में 20, राजस्थान में 17, कर्नाटक में तीन, गुजरात में चार, दिल्ली में छह तथा केरल, आंध्र प्रदेश और चंडीगढ़ में एक-एक मामले दर्ज किये गये हैं। दिल्ली में ओमिक्रोन का पहला मामला गत पांच दिसंबर को दर्ज किया गया था, जब एक 37 वर्षीय व्यक्ति को हल्के लक्षणों वाले वेरिएंट के साथ संक्रमित होने की पुष्टि हुई। बाद में संक्रमण से उबरने के बाद उसे एलएनजेपी अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिया विकास कार्यो का जायजा

वाराणसी, 14 दिसंबर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दो दिवसीय काशी प्रवास के दौरान वाराणसी में चल रहे तमाम विकास कार्यों का सोमवार को देर रात तक निरीक्षण किया। वाराणसी, प्रधानमंत्री मोदी का संसदीय क्षेत्र भी है। मोदी ने सोमवार को दिन में काशी विश्वनाथ धाम परिसर के लोकार्पण और देर शाम तक गंगा आरती का अवलोकन करने के बाद वाराणसी के विकास कार्यों का जायजा लिया। इससे पहले उन्होंने भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में भी हिस्सा लिया। मोदी ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कर इसकी जानकारी दी।

पांच साल में कितने कारतूस खरीदे, कितने चलाए, खोके कहां हैं, सब हिसाब देना होगा

जानसठ, 14 दिसंबर (बु.)। अवैध हथियारों के लिए कारतूस का इंतेजाम करने वालों को अब हर गोली का हिसाब देना होगा। आपने अपने लाइसेंस पर कितने कारतूस खरीदे, कितने शेष हैं, यदि चलाए, तो खोखे कहां पर हैं, सबका हिसाब पुलिस को देना होगा। अधिकारियों के निर्देश पर सभी लाइसेंसधारकों से इनका हिसाब लिया जाएगा। आपने यदि अपने लिए हथियार का लाइसेंस बनावा रखा है, तो सावधान हो जाएं। अब आपको हर गोली का हिसाब देना होगा। पुलिस के आला अधिकारियों ने अवैध हथियारों को मिलने वाले कारतूस पर नकेल कसने के लिए हर लाइसेंसधारी का सत्यापन के साथ ही कारतूस का हिसाब भी लिया जाएगा। इंस्पेक्टर बीएस वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में जितने भी लाइसेंसधारी हैं, चुनाव के कारण उनका सत्यापन तो होगा ही। साथ ही चुनाव में किसी तरह की हिंसा न होने पाए, उसके लिए लाइसेंसधारकों को गत् पांच साल में खरीदे गए सभी कारतूसों का हिसाब देना होगा। यदि खरीदे गए कारतूसों का इस्तेमाल कर लिया है, तो यह भी बताना होगा कि कहां चलाए और यदि चलाए, तो उसके खोखे कहां पर हैं। उच्चाधिकारियों का फरमान आते ही क्षेत्र के लाइसेंस धारकों की लिस्ट बनाई जा रही है, जिससे उनके हथियार और उनके द्वारा गत् पांच साल में खरीदे गए कारतूसों की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि अवैध तमंचे



बनाने के लिए तो फैक्ट्री चलाई जा सकती है, लेकिन यदि कारतूस उपलब्ध नहीं होते हैं तो उनका इस्तेमाल अपने आप बंद हो जाएगा। जिससे अपराधों में कमी आने की संभावना हो जाएगी। इसके बाद शस्त्र विक्रेताओं की भी जांच की जाएगी कि उन्होंने किस लाइसेंसधारक को कितने कारतूस दिए और कब-कब दिए।

शादी में जा रहे दो बाइक सवार अज्ञात वाहन की चपेट में आए

कांधला, 14 दिसंबर(बु.)। बुढ़ना में शादी समारोह में जा रहे दो बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। अज्ञात वाहन की चपेट में आने पर दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर 108 एम्बुलेंस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया है। जनपद बागपत के बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी जॉनी अपने दोस्त हाजीपुर बेहटा निवासी प्रवीण के साथ बाइक पर सवार होकर सोमवार की शाम को जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा बुढ़ना में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जैसे ही दोनों बाइक सवार युवक क्षेत्र के गांव भभीसा के निकट पहुंचे, तो आरोप है कि अज्ञात वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस में दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों की हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया है।

रसूखदार के बेटे ने देर रात भोले-शंकर की पिंडी की खंडित, सूचना पर पहुंचे मीडियाकर्मी व हिन्दू संगठन

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बु.)। महावीर चौक के निकट देर रात्रि में उस समय बवाल होने से बच गया, जब एक रसूखदार के बेटे ने अपनी मनमानी करते हुए मजदूरों के साथ मिलकर पेड़ को कटवाने का प्रयास किया। इतना ही नहीं रसूखदार के बेटे ने पेड़ के नीचे लगी, भगवान शिव की पिंडी को भी तुड़वा दिया और इससे भी हैरानी की बात यह है कि जो पेड़ उक्त पिंडी के साथ लगा हुआ था, वह कोई सामान्य पेड़ नहीं था, यह पेड़ पीपल का पेड़ था, जिसमें हिन्दू धर्म की सर्वाधिक आस्था होती है। उक्त पेड़ की पूजा हिन्दू धर्म के लोग प्रत्येक शनिवार को दीपक जलाकर करते हैं। उक्त घटनाक्रम रात्रि लगभग ६:३० बजे का है, मगर जैसे ही पेड़ को कटता देख किसी ने देखा, तो इसकी सूचना मीडिया कर्मियों व हिन्दू संगठनों को दी, तो रात्रि में ही मीडियाकर्मी व हिन्दू संगठन मौके पर पहुंचे, मगर उससे पूर्व ही रसूखदार का बेटा वहां से मजदूरों सहित गायब हो गया। देर रात तक इस बात को लेकर हंगामा चलता रहा। समाचार लिखे जाने तक अभी रसूखदार के बेटे के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हो पाई थी, मगर हिन्दू संगठनों ने पुलिस को चेतावनी दी कि यदि आरोपी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई, तो जल्द ही रसूखदार के बेटे के विरुद्ध हिन्दू संगठन प्रदर्शन करेंगे।

दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पूर्व विधायक शाहनवाज को मिली अंतरिम जमानत

❑ हाईकोर्ट के आदेश पर पूर्व विधायक राणा ने मंगलवार को कोर्ट में दिए दो जमानती ❑ आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में शाहनवाज, उमा किरण और पायल माहेश्वरी भी हुई पेश

मुजफ्फरनगर, 14 दिसंबर (बु.)। दिल्ली की युवती से दुष्कर्म के मामले में फंसे पूर्व विधायक शाहनवाज राणा को हाईकोर्ट से अतंरिम जमानत मिल गई है। हाईकोर्ट के आदेश पर राणा ने एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में पेश होकर 50 हजार के बॉन्ड और दो जमानती उपलब्ध करा दिए। इसके अलावा आचार संहिता उल्लंघन के दो अन्य मामलों में राणा पेश हुए। उल्लंघन में ही पूर्व मंत्री उमा किरण और पायल माहेश्वरी की पेशी हुई। दरअसल यह चर्चित मामला 2001 का है। दिल्ली की युवती ने पूर्व विधायक शाहनवाज राणा और उसके साथियों ने उन्हें बहाने से मुजफ्फरनगर बुलाकर बुरा काम करने को कहा था। विरोध करने पर उसके साथ बदतमीजी और दुराचार की कोशिश हुई थी। इस मामले में शाहनवाज राना आदि के खिलाफ एफआईआर हुई थी। 20 साल बाद इस मामले की सुनवाई पूरी

नहीं हो सकी। हाईकोर्ट ने सितंबर माह में इस मामले में प्रतिदिन सुनवाई करने के आदेश दिए थे। आदेश के अनुपालन में इस मामले की सुनवाई विशेष अपर सत्र न्यायाधीश एमपी, एमएलए गोपाल उपाध्याय के कोर्ट में चल रही है। निचली कोर्ट में अतंरिम जमानत न मिलने पर पूर्व विधायक राणा ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत देते हुए राणा को जमानत राशि जमा कराने के आदेश दिए थे। पूर्व विधायक शाहनवाज राणा मंगलवार को विशेष कोर्ट में पेश हुए। सहायक शासकीय अधिवक्ता मनोज ठाकुर ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में पूर्व विधायक राणा ने अपने दो जमानती उपलब्ध कराए। इसके अलावा 2014 और 2017 के चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में भी राणा आज पेश हुए। पूर्व मंत्री उमा किरण और पूर्व प्रत्याशी पायल माहेश्वरी भी 2017 के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कोर्ट में पेश हुई।

कार डिवाइडर से टकराई, चालक की मौत

कांधला, 14 दिसंबर (बु.)। हरियाणा राज्य के यमुनानगर में कार असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराने पर कार चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कार में बैठा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक का शव पीएम से आने के बाद मृतक के परिजनों ने गमगीन माहौल में मृतक के शव को दफना दिया है। कस्बे के मौहल्ला रायजादगान निवासी वकील अपने चालक 30 वर्षीय फैय्याज पुत्र मतलूब निवासी मोहल्ला खेल के साथ अपनी क्रेटा कार में सवार होकर सोमवार को हरियाणा राज्य के यमुनानगर के लिए चले थे, जैसे ही दोनों कार सवार हरियाणा राज्य के यमुना नगर पहुंचे, तो इसी बीच कार असंतुलित होकर डिवाइडर से जा टकराई। कार के डिवाइडर से टकराने से कार चालक 30 वर्षीय फैय्याज पुत्र मतलूब की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कार में सवार वकील गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची हरियाणा पुलिस ने घायल वकील को यमुनानगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की सूचना से मृतक युवक के परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार को मृतक युवक का शव पीएम के बाद कस्बे में पहुंचा। मृतक युवक के परिजनों ने गमगीन माहौल में मृतक युवक के शव को दफना दिया है।

एकादशी के दिन पीपल का वृक्ष काटने का प्रयास

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बु.)। महावीर चौक के निकट हुई पीपल का पेड़ काटने की घटना आमजन को तब आश्चर्यजनक लगी, जब एकादशी के दिन उन्होंने रसूखदार के बेटे द्वारा पीपल के पेड़ काटे जाने का समाचार मिला। उक्त समाचार को सुनकर लोगों के मुंह से यही बात निकली कि जिन लोगों को धर्म-कर्म का ही डर नहीं रहा, तो उनका उपाय तो ईश्वर के पास ही है। कुल मिलाकर देर रात तक उक्त घटना की चर्चा होती दिखाई दी।

लखीमपुर खीरी के गुनाहगारों पर अब चलेगा हत्या का केस

लखनऊ, 14 दिसंबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में पिछली तीन अक्टूबर को हुयी हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत के मामले में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के पुत्र एवं मुख्य आरोपी आशीष मिश्र समेत 14 लोगों के खिलाफ अब हत्या का मुकदमा चलेगा। अधिकृत सूत्रों के अनुसार मामले की जांच कर रही स्पेशल टास्क फोर्स (एसआईटी) ने पाया है कि एक सोची समझी साजिश के तहत किसानों को गाड़ी से कुचला गया जिसके बाद सभी आरोपियों पर गैर इरादतन हत्या के बजाय हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। एसआईटी ने अब सभी आरोपियों पर 307, 326, 302, 34,120 बी,147, 148,149 के तहत मामला दर्ज किया है। इससे पहले लखीमपुर कांड के गुनहगारों पर आईपीसी की धारा 279, 338, 304 ए के तहत कार्रवाई की जा रही थी। गौरतलब है कि लखीमपुर खीरी में कृषि कानूनों का विरोध कर रहे चार किसानों की वाहन से कुचले जाने से मौत हो गयी थी, जबकि बाद में हिंसक झड़प में एक चालक, पत्रकार और भाजपा कार्यकर्ताओं की जान गयी थी। इस मामले में केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के पुत्र को आशीष मिश्र समेत 14 लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया था और मामले की जांच एसआईटी के सुपुर्द की गयी थी। एसआईटी ने आशीष मित्र अंकित दास को लखनऊ से गिरफ्तार किया था। उसके अलावा इस मामले में अब तक लवकुश, आशीष पांडे, शेखर भारती, लतीफ उर्फ काले, शिशुपाल, नंदन सिंह विष्ट, सत्यम त्रिपाठी उर्फ सत्य प्रकाश, सुमित जायसवाल, धमेन्द्र, रिंकू राना और उल्लास त्रिवेदी जेल में है।

पुंछ मुठभेड़: एक आतंकवादी ढेर, एके47, मैगजीन बरामद

जम्मू 14 दिसंबर (वार्ता)। जम्मू- कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार को यहां सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और उसके पास से एके47 राइफल और चार मैगजीन बरामद हुई है। जम्मू स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल देवेन्द्र आनंद ने बताया कि पुंछ के बेहरामगाला के डोरी ढोक इलाके में सेना और जम्मू- कश्मीर पुलिस के एक सफल संयुक्त अभियान में एक आतंकवादी मारा गया और उसके पास से एक एके47 राइफल और चार मैगजीन बरामद की गयी है। उन्होंने कहा, ''क्षेत्र में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट खुफिया सूचना मिलने के बाद अभियान शुरू किया गया।'' उन्होंने कहा कि आज तड़के मुठभेड़ के दौरान आतंकवादी ने सुरक्षाकर्मियों पर गोलियां चलाते हुए भागने का प्रयास किया, हालांकि दोनों ओर से हुई गोलीबारी में आंतकवादी को ढेर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादी के पास से एक एके47 राइफल और चार मैगजीन और कुछ पैकेट बरामद हुए हैं।

पति की हत्यारन को प्रेमी सहित आजीवन कारावास

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बु.)। हत्या के एक मामले में कोर्ट ने मृतक की पत्नी तथा उसके प्रेमी को दोषी ठहराकर मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोनो पर एक-एक लाख का अर्थदंड लगाया गया है। जायदाद के लालच में २०१७ में लूटपाट दर्शाकर पत्नी ने ही प्रेमी के संग साजिश रच अपने बुजुर्ग पति की हत्या करा दी थी। चार साल बाद सुनवाई पूरी कर एडीजे-१४ संदीप गुप्ता ने फैसला सुनाया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार त्यागी ने बताया कि राशिद पुत्र यासीन निवासी गांव संधावली थाना क्षेत्र मंसूरपुर ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि ४-५ मार्च २०१७ की रात गांव संधावली में वह अपनी पत्नी के साथ कमरे में सोया हुआ था, जबकि उसके पिता यासीन उसकी माता आमना के साथ अलग कमरे में सोए थे। बताया जाता है कि उसी रात कुछ बदमाश

घर में घुस आए थे, जिन्होंने जेवर नगदी लूट ली थी। जाते समय बदमाश उसके पिता को साथ ले गए थे। करीब एक घंटे बाद गांव में जई के खेत से उसके पिता यासीन का दो गोली लगा शव बरामद हुआ था। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार त्यागी ने बताया कि इस मामले में मृतक के दूसरे बेटे दिलशाद ने भी तहरीर दी थी, जिसे पुलिस ने विवेचना में शामिल कर लिया था। दिलशाद ने छह मार्च को दी तहरीर में बताया था कि उसकी माता बानो की मृत्यु के बाद उसके पिता ने आमना पुत्री स्व. मजीद निवासी बागपत से निकाह कर लिया था। बताया गया था कि सौतेली मां आमना के पहले से ही दो बेटे तथा एक बेटी थी, जबकि वह तीन भाई तथा एक बहन अपने पिता की संतान थे। उसकी सौतेली मां आमना ने जामिया नगर स्थित उनका मकान बिकवाकर

शेष : पृष्ठ ४ पर

नर्सरी के छात्र को उठाया, शोर मचाने पर छात्र को छोड़ भागा

कैराना, १४ दिसम्बर (बु.)। अपनी बहनों के साथ स्कूल की छुट्टी के बाद घर वापस लौटते समय एक युवक ने नर्सरी के छात्र को उठाने का प्रयास किया। छात्र की बहनों द्वारा विरोध करने पर आरोपी छात्र को छोड़कर फरार हो गया। छात्र के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी। मौहल्ला पट्टोंवाला निवासी अनुज गोयल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसका ६ वर्षीय बेटा अर्थव गोयल डीके पब्लिक स्कूल में नर्सरी में पढ़ता है। मंगलवार दोपहर करीब २:०० बजे उसका बेटा अपनी दो बड़ी बहनों के साथ स्कूल से घर वापस आ रहा था। मौहल्ला गुंबद स्थित चौराहे पर एक युवक ने उसके बेटे को उठाने का प्रयास किया, जिस पर उसकी बेटियों ने आरोपी का विरोध किया तथा शोर मचा दिया, जिसके बाद आरोपी उसके बेटे को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमवीर सिंह राणा ने बताया कि तहरीर मिली है और जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने जिले में 31 दिसंबर तक बढ़ाई निषेधाज्ञा

कांधला, 14 दिसंबर (बु.)। आगामी परीक्षाओं को देखते हुए जिलाधिकारी ने जनपद में इस महीने के अंत तक के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी है। परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी जसजीत कौर ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए दिनांक 3 नवंबर से 31 दिसंबर तक निषेधाज्ञा जारी की है। इस दौरान कई परीक्षाएं आयोजित होनी है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि परीक्षा केन्द्रों व उसके आसपास 200 मीटर की परिधि में परीक्षार्थियों के अतिरिक्त सामान्य जनता का प्रवेश वर्जित होगा। यह प्रतिबन्ध ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों शिक्षकों व परीक्षा में लगे शिक्षणेत्तर कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। परीक्षा केन्द्रों के पास ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग नहीं होगा, किसी भी प्रकार की नकल सम्बन्धी सामग्री व शस्त्र आदि लेकर जाना दण्डनीय अपराध होगा। परीक्षा के शांतिपूर्वक एवं सुचारू संचालन में किसी भी प्रकार की बाधा पहुँचाने को निषेद्याज्ञा का उल्लंघन समझा जाएगा। परीक्षा संबंधित नकल में किसी प्रकार परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने, परीक्षार्थियों अथवा परीक्षा से सम्बन्धित अध्यापक, कक्ष निरीक्षक को धमकाना या उकसाना दण्ड़नीय अपराध होगा। परीक्षा केन्द्र परिसर के अन्दर सेलुलर फोन या अन्य कोई इलेक्ट्रोनिक वस्तु ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इस आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अन्तर्गत दण्ड़नीय अपराध होगा। उन्होंने इस आदेश का पालन जिले की सीमा के अन्तर्गत स्थित थानों के प्रभारी निरीक्षकों, थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को यूपी रोडवेज एंप्लाइज यूनियन की बैठक संपन्न

मुजफ्फरनगर, 14 दिसम्बर (बु.)। यूपी रोडवेज एम्प्लाइज यूनियन की क्षेत्रीय बैठक रोडवेज बस स्टेशन मुजफ्फरनगर पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राकेश गुप्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष व संचालन राजकुमार तोमर क्षेत्रीय मंत्री एवं प्रांतीय संगठन मंत्री द्वारा किया गया। उक्त बैठक में 18 दिसंबर को मुजफ्फरनगर रोडवेज बस स्टेशन पर होने वाले विशाल मंडलीय सम्मेलन की समीक्षा की गई, वहीं अब तक की तमाम तैयारियों का जायजा लिया गया। बैठक में सभी शाखाओं द्वारा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य रूप से विरेंद्र कुमार, सुशील कुमार, राजेंद्र चौहान, उमेश कुमार, दिनेश सैनी, मुकीम, अनिल कुमार एवं धर्म सिंह आदि नेताओं ने भाग लिया। क्षेत्रीय व प्रांतीय संगठन मंत्री राजकुमार तोमर ने बताया कि मुजफ्फरनगर रोडवेज बस स्टैंड पर आगामी 18 दिसम्बर को होने वाले सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि बुढ़ाना विधायक उमेश मलिक, सम्मेलन की अध्यक्षता पंडित रामजी त्रिपाठी और बतौर मुख्य वक्ता संगठन के महामंत्री तेज बहादुर शर्मा उपस्थित रहेंगे।

गीता जयंती पर भव्य शोभायात्रा आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बुस.)। परम पूज्य महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज जी की सत प्रेरणा से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्री गीता जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। उस श्रृंखला में महाराज श्री द्वारा संचालित श्रीकृष्ण कृपा परिवार एवं जीओ गीता युवा चेतना मुजफ्फरनगर ने गीता जयंती के शुभ अवसर पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसका प्रारम्भ टाउन हॉल से सत्संग भवन तक किया गया, जिसकी शुरुआत राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं ब्लॉक प्रमुख अमित चौधरी ने किया। सत्संग भवन मे यात्रा का स्वागत श्याम लाल दाल वाले, अजय गोयल, त्रिलोक चंद, तारा चंद वर्मा तत्पश्च्यात भागवद गीता जी के आरती महंत मनसुख शर्मा, अतुल पांडेय, सुनीता अरोरा, रंजू झा, नेहा शर्मा, कल्पना चौहान, कुसुमलता शर्मा, संगीता शर्मा द्वारा कराई गयी। उसके बाद भंडरा प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन श्रीकृष्ण कृपा परिवार एवं सत्संग भवन सभा एवं जीओ गीता युवा चेतना मुजफ्फरनगर द्वारा किया गया।

१५०२३ गन्ना प्रजाति किसानों के लिए होगी वरदान

चरथावल, १४ दिसम्बर (बु.)। चीनी मिलों द्वारा किसानों को उत्तम किस्म की गन्ना प्रजाति से बड़ा लाभ मिल रहा है तथा देवबन्द चीनी मिल द्वारा किसानों को १५०२३ बीज देकर प्रति बीघा गन्ने की पैदावार अधिक लेने की अपील मिल प्रशासन द्वारा की गई तथा किसानों को चीनी मिल के जीएम केन राजकुमार ताया द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि किसानों को जहां कई वर्षों पूर्व ०२३८ बीज की बुवाई करवाई गई थी, जिसके बाद गन्ने की प्रति बीघा पैदावार बहुत अधिक बढ़ गयी थी, जिसके बाद किसानों ने गन्ने की बम्पर पैदावार ली थी, लेकिन इस बीज में रोग आने के कारण किसानों को परेशानी हो रही थी, जिसके बाद किसानों के लिए नई प्रजाति १५०२३ की बुवाई करवाते हुए अधिक पैदावार लेने की बात कही, वहीं मिल प्रबंधन द्वारा बताया गया कि इस बीज में रिकवरी दर भी अधिक है, जिससे मिल को भी लाभ होगा। इस दौरान किसान इसरार त्यागी, मनोज त्यागी, अनिल कुमार, बिजेंद्र त्यागी, सलीम त्यागी, रियासत बबरा आदि किसानों ने इस बीज की बुवाई की है। मिल के जॉन इंचार्ज जगजीत, डबास, करतार, रंधावा पुंडीर आदि मौजूद रहे।

शाहपुर पब्लिक स्कूल के छात्र का यूपी पुलिस में चयन, ट्रॉफी भेंट की

शाहपुर, 14 दिसंबर (बु.)। शाहपुर पब्लिक स्कूल के होनहार छात्र रहे मौहम्मद शोएब अंसारी के यूपी पुलिस में चयन होकर अपने मौहल्ले का, अपने कस्बे का नाम और अपने परिजनों का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रबंधक सिकंदर सिद्दीकी ने इस अवसर पर कहा कि शाहपुर पब्लिक स्कूल मोहम्मद शोएब अंसारी और उनके पिता जलालुद्दीन अंसारी (पूर्व सभासद) को बहुत-बहुत मुबारकबाद पेश करता है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश सैनी, श्याम पाल भाई जी, हाजी शाहिद त्यागी, प्रमुख समाज सेवी उमेश मित्तल, जलालुद्दीन अंसारी पूर्व सभासद, वरिष्ठ पत्रकार दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन सचिन संगल, भाग्य शर्मा, मौहम्मद नदीम इस्लाम, आलिम अंसारी, सलीम अंसारी, डॉ. शिवकुमार, इफ्तेखार अंसारी, इमरान अंसारी, अरशद अंसारी, सलीम अंसारी, एहसान सलमानी, अली मियां गाजी खान, मौहम्मद अली खान, सोमपाल प्रजापति, मौहम्मद असलम, अनुपम सैनी, डॉक्टर मुरसलीन अंसारी, फिरोज अंसारी, सजाउद्दीन अंसारी आदि उपस्थित रहे।

पीसीएस मणि अरोड़ा ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी का कार्यभार संभाला

कैराना, १४ दिसम्बर (बु.)। कई माह पूर्व अधिशासी अधिकारी हेमराज पुंडीर का तबादला हो जाने के बाद कैराना नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त चल रहा था। वहीं पूर्व एसडीएम उदभव त्रिपाठी को अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया था, जबकि पिछले माह एसडीएम उद्भव त्रिपाठी का भी तबादला होने के बाद उनके स्थान पर एसडीएम संदीप कुमार की पोस्टिंग हुई थी, लेकिन अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त चल रहा था। वहीं मंगलवार को डीएम जसजीत कोर के आदेश पर पीसीएस मणि अरोरा की नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के पद पर पोस्टिंग की गई। इससे पूर्व मणि अरोरा कैराना एवं उन तहसील एसडीएम के पद पर भी तैनात रही।

शाहपुर में युवा समाजसेवी तौहीद त्यागी आवास पर सम्मान समारोह आयोजित

शाहपुर, 14 दिसंबर (बु.)। नगर में तौहीद त्यागी के आवास पर मदीना एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा शोएब अंसारी को उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित होने पर सम्मान समारोह का प्रोग्राम किया गया, जिसमें हाजी शाहिद त्यागी की अध्यक्षता और संचालन तौहीद त्यागी ने किया। क़ारी समीर ने क़ुरआन तिलावत की ओर क़ारी श्यान ने नात ए नबी पेश की। इस अवसर पर हाजी शाहिद त्यागी सचिव जमीअत उलमा उत्तर प्रदेश ने जलालुद्दीन अंसारी पूर्व सभासद पुत्र शुऐब अंसारी का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि समाज के अंदर इसी तरह युवाओं को बढ़-चढ़कर पढ़ाई में हिस्सा लेना चाहिए और इस बच्चे की कामयाबी को देखकर जो बच्चे पढ़ रहे हैं, उनको भी ओर ज्यादा मेहनत करनी चाहिए। क़ाज़ी सिकन्दर ने इस मौके पर शोएब अंसारी को मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि ये बच्चा देश का नाम रोशन करे और सभी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दें। इस मौके पर हाजी उस्मान कुरैशी पूर्व सभासद, तमजीद त्यागी, हाजी नईम अंसारी, नदीम अहमद इस्लाम, नौशाद, वहीद, आलिम अंसारी समाज सेवी, फ़ाज़िल अंसारी, अहसान, मेहरबान राणा, जलाल पूर्व सभासद, मास्टर मासूम मिर्ज़ा, डॉ. मुरसलीन, फ़िरोज़ अंसारी सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

प्रशिक्षण के समापन पर महिलाओं को प्रमाणपत्र वितरित

मोरना, 14 दिसंबर (बु.)। मोरना में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मुजफ्फरनगर में सॉफ्ट टॉय निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया, जिसमें महिलाओं को प्रमाणपत्र वितरित किये गए। प्रशिक्षण शिविर में 26 बालिकाओं व महिलाओं को संस्थान के माध्यम द्वारा सॉफ्ट टॉय निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रीना एवं पिंकी सदस्य बाल कल्याण समिति मुजफ्फरनगर रही। उन्होंने महिला उत्थान के बारे में कई प्रकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. राजीव ने कहा कि महिलाएं आगे बढ़कर तरक्की करें। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षित बेरोजगार बालिकाओं व महिलाओं को सफल उद्यमी बनाने में स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। संस्थान के निदेशक विनोद मोहन ने महिलाओं को उनसे सम्बंधित कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया और महिलाओं के काम आने वाली योजनाओं जैसे एम्बुलेंस, पुलिस और सरकार को संचालित करने के बारे में जागरूक किया। संस्थान की कार्यालय सहायक प्रीति चौधरी ने महिलाओं के लिए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संस्थान सफल प्रशिक्षकों को ऋण प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेगा, ताकि परीक्षार्थी आर्थिक रूप से पिछड़ा होने के बावजूद अपना स्वयं का रोजगार शुरु कर सकें। उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रशिक्षित बालिकाओं एवं महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में परीक्षा लेने आए ओमपाल कंडारी, प्राची चौधरी, सॉफ्ट टॉय प्रशिक्षक कंचन, संकाय सदस्य वरुण सिंह, अमित शर्मा, अरुण कुमार ने विशेष सहयोग दिया।

मुजफ्फरनगर मण्डी

मुजफ्फरनगर, 14 दिसम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:-

रसकट ढैया 920-960, चाकू 1060-1172, लड्डू 1080-1170, खुरपाषाड़ 1030-1080, आमद- 10000 मन।

शाहपुर मण्डी

शाहपुर, 14 दिसम्बर (बु.)। शाहपुर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- खुरपाषाड़ 1000, पेडी-1050, आमद- 1500 मन।

छात्राओं ने प्रस्तुत किया देशभक्ति से ओत-पोत कार्यक्रम

खतौली, १४ दिसम्बर (बु.)। श्रीदेवी मंदिर कन्या इण्टर कॉलेज में अमृत महोत्सव में छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मिली जानकारी के अनुसार श्रीदेवी मंदिर कन्या इण्टर कॉलेज में स्वाधीनता महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रवक्ता राकेश कुमार देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अनेक महानायकों व राष्ट्रमाता के सपूतों द्वारा अपने जीवन का बलिदान दिया। उनमें से कुछ को तो आज भी याद रखा जाता है, परन्तु अनेक ऐसे अमर शहीद हैं, जो गुमनामी के अंधेरों में खो गये। उन्होंने कहा कि हम सभी स्वतंत्रता योद्धाओं व अमर शहीदों को नमन करते हैं। नई पीढ़ी से अपने महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके देश भक्ति, वीरता, त्याग जैसे मूल्यों को अपने जीवन में अपनाते हुए चरित्र निर्माण व राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति गीत, काव्यपाठ, भाषण आदि में सहभागी छात्राओं द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या कविता गुप्ता, पूर्व प्रधानाचार्या कुसुम, संजय भुर्जी सभासद नगर व्यवस्था संघ, आदित्य संघ नगर प्रचारक आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

आगामी २० दिसंबर को शाहपुर में होने वाली भाजपा की जनसभा के लिए समीक्षा बैठक को संबोधित करते विधायक उमेश मलिक।

आशा और संगनियों को दी गई ट्रेनिंग

बुढ़ाना, १४ दिसम्बर (बु.)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में मंगलवार के दिन कोर पीसीआई जन कल्याण समिति द्वारा आशा संगिनी ट्रेनिंग का आयोजन किया गया, जिसमें बुढ़ाना ब्लॉक की बीएमसी पारुल जौहरी और बीएमसी महबूब हसन द्वारा संयुक्त रूप से यहां पर सभी संगिनियों को ट्रेनिंग दी गई। इसके पश्चात निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें पोलियो केस की जानकारी के साथ साथ राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम पर चर्चा की गई, समूहों की बैठकों का आयोजन किए जाने की बात कही गई। कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन कैसे करें, ये सब चर्चा यहां आयोजित ट्रेनिंग में की गई। इसके अलावा यहां पर मास्क का प्रयोग कैसे करें, दो गज की दूरी बनवाएं, सभी को बार बार साबुन से हाथ धोने को कहें, अनावश्यक यात्रा से बचें और बार बार हाथ छूई जाने वाली वस्तु को नियमित रूप से साफ रखें आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया और कहा गया कि १८ वर्ष से ऊपर सभी महिला व पुरुष कोरोना से बचाव का टीका अवश्य लगवाएं ये सभी को कहा जाए, क्योंकि ये टीके फिलहाल केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकारों द्वारा निःशुल्क लगाए जा रहे हैं। एक भी व्यक्ति कोरोना के टीके से ना छूटे।

एक माह में २ बार पूर्व की भांति ही मिलेगा राशन : एसडीएम

बुढ़ाना, १४ दिसम्बर (बु.)। डबल यूनिट राशन वितरण को लेकर चल रहे कन्फ्यूजन को बुढ़ाना एसडीएम अरुण कुमार श्रीवास्तव ने दूर करते हुए बताया कि महीने में दो बार करके डबल यूनिट राशन राशन डीलर द्वारा पूर्व की भांति ही वितरण किया जाएगा, जिसमें राशन डीलर द्वारा चना, नमक एंव रिफाइंड एक बार मे ही दिया जाएगा। बताया जाता है कि डबल यूनिट को लेकर लोगों में काफी कन्फ्यूजन चल रहा था कि हर बार डबल यूनिट मिलेगी या एक। इस कंफ्यूजन को आज मंगलवार के दिन एसडीएम बुढ़ाना ने दूर कर दिया। बताया जाता है कि राशन कार्ड धारक राशन डीलर से सरकारी योजना का हवाला देकर डबल यूनिट एक बार में ही मांग रहे थे। बस इसी को लेकर काफी राशन कार्ड धारक कन्फ्यूजन में थे। अब एसडीएम बुढ़ाना अरुण कुमार श्रीवास्तव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि महीने में दो बार ही राशन का वितरण होगा और अन्य सामग्री एक बार ही दी जाएगी।

शाहपुर में २० दिसंबर को होगी भाजपा की जनसभा

शाहपुर, १४ दिसम्बर (बु.)। नगर पंचायत कार्यालय पर आहूत विजय संकल्प यात्रा की तैयारी हेतु आयोजित भारतीय जनता पार्टी की समीक्षा बैठक में विधायक उमेश मलिक, विधानसभा प्रभारी प्रमोद आट्टा, चेयरमैन प्रमेश सैनी, जिला पंचायत सदस्य रामनाथ विजय दुल्हेरा वरिष्ठ भाजपा नेता, श्याम पाल भाई नामित सभासद, मणिकांत मित्तल, जितेंद्र धवन, विधायक प्रतिनिधि सचिन संगल, डॉ. कुलदीप त्यागी प्रधान चाँदपुर, जोनू त्यागी प्रधान दिनकरपुर, सुनील त्यागी प्रधान मोरकुक्का, नीरज त्यागी प्रधान मुबारकपुर, विक्रम सिंह, डॉ सतीश सैनी, शोभाराम उमरपुर, ओमेन्द्र मुखिया, धनकुमार सैनी, अमित त्यागी, राजकुमार उमरपुर, रविन्दर काकड़ा, संजय पलड़ी, जितेन्द्र सोरम, विशाल सोरम, राजेश सैनी, ऋषभ महामंत्री रहे। विजय यात्रा कार्यक्रम में विधानसभा यात्रा प्रमुख अमित त्यागी आईटी प्रमुख शेखर सोशल मीडिया प्रमुख रोहित त्यागी प्रचार-प्रसार प्रमुख यशपाल बालियान विधानसभा रैली बैठक एवं प्रवास प्रमुख ठाकुर रामनाथ सिंह, वाहन प्रमुख विजय चौधरी, आवास प्रमुख नवीन राना, सुरक्षा प्रमुख संजीव त्यागी, चिकित्सा प्रमुख डॉ. सतीश सैनी, अतिथि प्रमुख प्रमोद कश्यप को बनाया गया है। समीक्षा बैठक में बताया गया है कि विजय यात्रा आगामी २० दिसंबर को बिजनौर बैराज से होते हुए जनपद के विभिन्न हिस्सों में होते हुए बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करेगी। यहां पुरबालियान सोजनी चौकी चांदपुर में स्वागत समारोह होगा, जबकि कस्बा शाहपुर में पैठ मैदान में विशाल जनसभा होगी, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता अपना संबोधन करेंगे। इसके बाद यात्रा मुजफ्फरनगर शहर के लिए रवाना होगी। विजय संकल्प रैली की समीक्षा के लिए क्षेत्रीय विधायक उमेश मलिक ने भाजपा के गणमान्य व्यक्तियों से बैठक कर समीक्षा की, आगामी २० दिसंबर को कस्बा शाहपुर पहुंचेगी विजय संकल्प रैली, रैली की सफलता को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमेश सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल भाई, नामित सभासद मणिकांत मित्तल, जितेंद्र धवन, मास्टर विक्रम सिंह बालियान, जितेंद्र सिंह शोरम, कुलदीप त्यागी प्रधान चांदपुर, शक्ति सिंह पूरा, रामनाथ ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य, अमित त्यागी, पूर्व प्रधान चांदपुर, जोनू त्यागी प्रधान दिनकरपुर, विधान सभा प्रभारी प्रमोद अट्टा, विधायक प्रतिनिधि सचिन सिंघल, विजय चौधरी जिला पंचायत सदस्य विधानसभा विस्तारक, हिमांशु शर्मा मंडल महामंत्री, ऋषभ गोयल, विजेंद्र सिंह मलिक विधानसभा प्रवासी, हिमांशु गोयल आदि ने हर संभव सक्रियता का भरोसा दिलाया।

आई.टी.आई. चौकीदार के हत्यारे तत्काल गिरफ्तार हों

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बुस.)। अम्बेड़कर युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष राघेश पप्पू ने थाना छपार के अन्तर्गत महादेव आई.टी.आई में १० वर्षों से कार्यरत विक्टर पुत्र हरिकिशन की हत्या के आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए पीड़ित परिवार को १० लाख मुआवजा देने की मांग शासन-प्रशासन से की है, जबकि कई दिन पूर्व थाना छपार में मुकदमा पंजीकृत हो गया था। पप्पू ने आरोप लगाते हुए ७० साल बाद भी दलितों पर अत्याचार रोकने में सरकार नाकाम साबित हो रही है। नामजद आरोपी प्रबन्धक रविन्द्र गुर्जर आखिर गिरफ्तार क्यों नहीं हो रहा है, जो शर्मनाक है राघेश ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से तत्काल छपार पुलिस को गिरफ्तारी के निर्देश देने की मांग की है। अन्यथा दलित समाज आंदोलन को बाध्य होगा। आरोपियों पर रासुका भी लगाने की मांग प्रशासन से की है।



राशन डीलर के यहां बैठकर लाभार्थियों को दिलाया पूरा राशन

बुढ़ाना, १४ दिसम्बर (बु.)। भाजपा मंडल के वार्ड नंबर ४ में मंजू भारती राशन डीलर के यहां पर भाजपा महिला मोर्चा मंडल बुढ़ाना की अध्यक्षा नीलू शर्मा ने अपने समक्ष काफी लाभार्थियों को राशन का वितरण कराया, जिसमें उन्होंने राशन डीलर मंजू से ५८ किलोग्राम चना, ५८ पैकेट नमक, २१३ किलोग्राम रिफाइंड, गेहूं और चावल दिलवाए। अंत्योदय कार्डधारक कमलेश, मीना, तारा, राजू, होशियारी, शहराना, सलमा, मुर्शीदा, राजकली, शिवानी, अंजू रानी, सविता देवी, वीरवती और भावना सहित अन्य सभी लाभार्थियों को सुबह ८ बजे से शाम ६ बजे तक राशन वितरण किया गया। इस बारे में भाजपा नेत्री नीलू शर्मा ने बताया कि राशन डीलर मंजू भारती के यहां पर सभी लाभार्थियों को अच्छे तरीके से राशन दिया जाता है। कोई भी परेशानी का लाभार्थियों को सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने यहां पर सभी लाभार्थियों के समक्ष देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों का भी बखान किया और कहा कि भाजपा ही महिलाओं की सुरक्षा और उनके बारे में सोचती है। भाजपा के शासन में महिलाओं को जो सम्मान मिला है और मिल रहा है, वो अभी तक भी किसी सरकार में नहीं मिला है। भाजपा ने ३ तलाक कानून बनाकर देश की महिलाओं का उत्पीड़न होने से बचाया।

एसडी कॉमर्स में चित्रकला एवं लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बुस.)। एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स की एनसीसी इकाई में एक सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी/नोडल अधिकारी, सडक सुरक्षा, लखनऊ के पत्रांक क्षे.का.ल./३६००-०४/२०२१-२२ के अनुपालन में चित्रकला प्रतियोगिता एवं लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता शुभारम्भ डॉ. सचिन गोयल (प्राचार्य), डॉ. नवेद अख्तर, डॉ. दीपक मलिक, एकता मित्तल, नीतू गुप्ता, डॉ. अमित कुमार व डॉ. सौरभ जैन ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया, जिसमें एमकाम, बीकाम, बीए, बीएससी (गृहविज्ञान), बीएससी (विज्ञान), बीएफए संकाय की छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी सृजनात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रेशु चौधरी, वंशिका गर्ग, हर्षित आलूवालिया, जैनब, श्रीकान्त उज्जवल, अमान चौधरी, हिमांशी, सिम्पल, संस्कृति भारद्वाज, निगम सैनी, तुषार वालिया, निधि, अमर त्यागी व हिमानी देवी ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में एकता मित्तल, गरिमा कंसल, व विंशु मित्तल रही। प्रतियोगिता का संचालन अंकित धामा ने किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंशिका गौड, द्वितीय स्थान रेशु चौधरी रहे व निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निधि, द्वितीय स्थान अमर त्यागी व तृतीय स्थान हिमानी देवी का रहा। प्रतियोगिता के समापन पर प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल ने सभी प्रतिभागियों तथा शिक्षकाओं का आभार व्यक्त किया तथा छात्र/छात्राओं को सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत सड़क पर चलने के नियमों को सच्चाई से पालन करने के लिये बताया तथा सड़क सुरक्षा नियमों से सम्बन्धित जानकारी को अपने परिवार तथा परिचितों में प्रसारित करने का आह्वान किया। उन्होंने स्वालम्बी बनने के लिए शिक्षित होने की महत्व के बारे में भी बताया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ. रवि अग्रवाल, नुपुर, श्रुति जैन, सोनम, सोनिया, गरिमा, नीरज कुमार, अक्षय शर्मा, आकांक्षा पाल, विंशु मित्तल, विपाशा गर्ग, गुंजन सिंघी, अंकिता, कमर रजा, संकेत जैन, कृष्ण कुमार, मौ. उस्मान, आशिष पाल, दीपक गुप्ता, आदि ने सहयोग किया एवं सभी प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।

मर्दाना ताकत का इलाज
★ सन्तानहीनता ★ शीघ्र पतन
★ सैक्स रोग ★ जिस्यान व धात जाना
★ वीर्य में (Sperm Count & Motility) की कमी
डा० जगदीश गर्ग
163, चौधरी चरण सिंह मार्किट (प्रथम मंजिल)
महावीर चौक रोड, मुज़फ्फरनगर
★ एलर्जी ★ सफेद दाग
★ सौरासिस ★ चर्म रोग के रोगी अवश्य मिलें।
Mob.: 9410064040
मिलने का समय : केवल सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक
रविवार अवकाश

आपका आज का राशिफल

बुधवार, 15 दिसम्बर, 2021

मेष-अधूरे कार्यों की पूर्ति, विरोधी परास्त, सामाजिक गतिविधियों में वृद्धि, इच्छाशक्ति का विकास, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, कर्ज की अदायगी, धर्म-अध्यात्म में आस्था।

वृषभ-व्यक्तित्व का विकास, व्यावसायिक क्षेत्र में विस्तार, मेल-मिलाप में रुचि, दाम्पत्य सुखमय, प्रियजनों से सामंजस्य, आवागमन में अनुकूलता, धन की प्राप्ति।

मिथुन-मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक कार्यों में वृद्धि।

कर्क-कार्यों के प्रति उदासीनता, व्यावसायिक असफलता, विवाद की आशंका, जीवन में कटुता, स्पष्टवादिता आपके लिए घातक, यात्रा विफल।

सिंह-व्यावसायिक दृष्टिकोण से समय हितकर, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, भोग-विलासिता की ओर रुझान, मनोरंजन की ओर रुझान, जनकल्याण की भावना जागृत।

कन्या-वांछित सफलता का सुअवसर, योजना साकार होने की ओर, आर्थिक पक्ष बेहतर बनने की ओर, पठन-पाठन में रुचि, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, सुपरिणाम की प्राप्ति।

तुला-ग्रहस्थिति अनुकूल, मनोरथपूर्ण, मित्रों से विचार-विमर्श, समस्याओं का समाधान, मेल-मिलाप में रुचि, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, भौतिक सुख।

वृश्चिक-बने-बनाये कार्यों में अड़चनें, पारिवारिक उलझनें, मन अशांत, इच्छित पद की प्राप्ति में बाधा, धर्म-अध्यात्म के प्रति अरुचि, वैवाहिक जीवन में मतभेद।

धनु-व्यक्तिगत कठिनाइयों का निराकरण, आर्थिक स्थिति में सुधार, साहसिक प्रयास प्रगति पर, बौद्धिक क्षमता का विकास, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल।

मकर-निराशा का समापन, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, परिवार में हर्षोल्लास, मनोविनोद के सुअवसर पर प्राप्त, बुद्धि का विकास।

कुम्भ-दिनचर्या व्यवस्थित, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, कार्यक्षमता में वृद्धि, आपसी वैमनस्यता का समापन, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, वाहन से सुख।

मीन-पारिवारिक तनाव, मित्रों से मतभेद, समस्याओं से मन दुविधामय, यात्रा निराशा-जनक, धन हानि भी संभव, वाहन से दुर्घटना संभव।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-२/१-७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगो

1973-2021

सम्पादक की क़लम से

लखीमपुर कांड, एसआईटी

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी ज़िले में हुई हिंसा के मामले में जांच कर रही एसआईटी ने अदालत से कहा है कि यह घटना एक 'पूर्व नियोजित षड़यंत्र' थी। इस मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र के बेटे आशीष मिश्र और 12 अन्य अभियुक्तों के ख़िलाफ़ 3 अक्टूबर को लखीमपुर खीरी में गाड़ियों से रौंदकर 4 किसानों और एक पत्रकार की हत्या करने का आरोप है। एसआईटी के इस बयान के बाद विपक्ष ने केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। एसआईटी ने लखीमपुर खीरी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को लिखे पत्र में कहा है, अब तक की गई जांच और मिले सबूतों से यह प्रमाणित हुआ है कि अभियुक्त द्वारा उक्त आपराधिक कृत्य को लापरवाही एवं उपेक्षा से नहीं बल्कि जान-बूझकर पूर्व से सुनियोजित योजना के अनुसार जान से मारने की नीयत से किया गया है, जिससे पांच लोगों की मृत्यु हो गयी और कई गंभीर रूप से घायल हुए। तीन अक्तूबर को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर ज़िले के तिकुनिया क़स्बे में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का विरोध कर रहे किसानों पर बीजेपी सांसद और केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा से जुड़े लोगों ने कथित रूप से गाड़ियां चढ़ा दी थीं। इस घटना में चार किसानों की कारों से कुचलने से मौत हुई थी। एक पत्रकार की भी कार से कुचलने से मौत हुई थी, जबकि मौक़े पर मौजूद भीड़ ने कारों में सवार तीन लोगों की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। कुल आठ लोग इस हिंसा में मारे गए थे। इस घटना के बाद विपक्ष के तमाम नेताओं ने लखीमपुर खीरी पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मिलने की कोशिश की, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी नेताओं को लखीमपुर खीरी पहुंचने से रोक दिया। प्रियंका गांधी को सीतापुर गेस्ट हाउस में रोककर रखा गया। इसके साथ ही अखिलेश यादव समेत तमाम अन्य नेताओं को लखीमपुर पहुंचने से रोका गया। इसके बाद से किसान संगठन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र के निलंबन और उनके बेटे के ख़िलाफ़ गंभीर मामला चलाए जाने की मांग कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी मामले का स्वतः संज्ञान लेने के बाद इस मामले की सुनवाई की थी। मुख्य न्यायाधीश रमन्ना के नेतृत्व वाली पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार से मामले में की जा रही न्यायिक जांच का विवरण भी देने को कहा था। एसआईटी ने इस मामले में आशीष मिश्र सहित सभी अभियुक्तों पर भारतीय दंड संहिता की नई और गंभीर धाराएं लगाने का सुझाव दिया है। इन धाराओं में लापरवाही से गाड़ी चलने की वजह से चोट लगना, धारा 307 इरादतन हत्या का मामला, धारा 326 हत्या के इरादे से हथियार या उपकरण से चोट पहुँचाने और आर्म्स एक्ट जैसी धाराएं शामिल हैं। आशीष उर्फ़ मोनू मिश्र के ख़िलाफ़ पहले ही से हत्या का एक मामला दर्ज है, लेकिन एसआईटी की इन नयी सिफारिशों से साफ़ है कि इन आरोपियों के ख़िलाफ़ सुनियोजित ढंग से हत्या करने का मामला बनने जा रहा है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि इस पूरे मामले में सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद जांच ने रफ़्तार पकड़ी है। कोर्ट ने इस मामले की जांच कर रही एसआईटी का विस्तार कर इसमें तीन और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को शामिल किया था। इस मामले में न्यायिक जांच एक पूर्व हाईकोर्ट जज से भी करवाई जा रही है। एसआईटी के जांच अधिकारी ने आरोपियों के ख़िलाफ़ धाराएं बढ़ाने के लिए कोर्ट में अर्जी दी है। कोर्ट ने ये अर्जी स्वीकार कर ली है। इससे ये साफ़ हो गया है कि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष व उसके साथियों के ख़िलाफ़ दर्ज एफआईआर में हत्या की साज़िश का केस चलेगा। कोर्ट के आदेश पर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा उर्फ मोनू सहित 14 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था। एसआईटी की अर्जी को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए एफआईआर में धराएं बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। नई धाराओं में कोर्ट में ट्रायल चलने पर आरोपियों को उम्रक़ैद से लेकर बीस साल तक की सज़ा हो सकती है। पहले की धाराओं में दुर्घटना के चलते पूरी घटना होना बताया जा रहा था, लेकिन अब घटना को एक सुनियोजित षड़यंत्र बताया जा रहा है, जिसमें किसी संदेह का फायदा आसानी से आरोपी पक्ष नहीं उठा सकता और इसमें कठोर सज़ा का प्रावधान है। इन धाराओं की बढ़ोतरी से जमानत मिलने भी दिक्कत आएगी। कल केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र अपने बेटे आशीष मिश्र से मिलने लखीमपुर खीरी ज़िला जेल भी पहुंचे। जेल से निकलते वक़्त उन्होंने मीडिया से सिर्फ़ इतना कहा कि मैं अपने बेटे से मिलने गया था। नियमों के मुताबिक़ घटना के नब्बे दिनों के अंदर अभियोजन पक्ष को मामले में चार्जशीट दाखिल करनी होती है और उसके बाद कोर्ट में ट्रायल शुरू होगा। उम्मीद जताई जा रही है कि जनवरी महीने में चार्जशीट दाखिल हो जाएगी। ये ख़बर आने के बाद से विपक्षी दलों ने बीजेपी और उसके केंद्रीय नेतृत्व को आड़े हाथों लिया है। प्रियंका गांधी ने ट्वीट करते हुए सवाल पूछा है कि, न्यायालय की फटकार व सत्याग्रह के चलते अब पुलिस का भी कहना है कि गृह राज्यमंत्री के बेटे ने साज़िश करके किसानों को कुचला था। जांच होनी चाहिए कि इस साज़िश में गृह राज्यमंत्री की क्या भूमिका थी? लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, किसान विरोधी मानसिकता के चलते आपने तो उन्हें पद से भी नहीं हटाया है। राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरते हुए ट्विटर पर लिखा है कि मोदी जी, फिर माफ़ी माँगने का टाइम आ गया, लेकिन पहले अभियुक्त के पिता को मंत्री पद से हटाओ, सच सामने है। अखिलेश यादव ने कहा, लखीमपुर में कौन नहीं जानता कि किसानों को कुचल दिया गया और जो कुचलने वाली जीप थी, जीप को चलाने वाले लोग और साथ बैठे लोग बीजेपी के कार्यकर्ता थे या नहीं थे, क्या लखीमपुर की घटना किसान भूल जाएंगे? अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी भाजपा पर हमला बोला है।

चार तीर -सुनील 'उत्सव'

'बकवास' 'ट्वीट' 'सत्ता' 'हालत'
आज के नेताओं के बच्चों की हालत देखिए,
रोज़ ही बकवास करके सुर्खियों में आ रहे।
हरकतों से ट्वीट से लगने लगा है अब हमें,
जिनसे सत्ता छिन गयी थी बावले से हो गये।

विरोध के बाद बीडीओ ने ब्लॉक से बाहर रोड पर दिखाई हरी झंडी

बुढ़ाना, १४ दिसम्बर (बु.)। स्थानीय ब्लॉक परिसर में लगातार चार दिनों से चल रहे रालोद कार्यकर्ताओं के धरने पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बुढ़ाना ब्लॉक के बीडीओ कपिल कुमार उत्तर प्रदेश ग्राम उत्कर्ष समारोह में लखनऊ जाने वाली दो बसों को हरी झंडी दिखाने लगे, तब यहां धरना दे रहे रालोद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के कड़े विरोध और एसडीएम बुढ़ाना अरुण कुमार श्रीवास्तव के हस्तक्षेप के चलते बीडीओ कपिल कुमार ने रोड बाईपास पर दोनों बसों को हरी झंडी दिखाकर उनको लखनऊ के लिए रवाना किया। इस सम्बंध में बुढ़ाना ब्लॉक के बीडीओ कपिल कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश ग्राम उत्कर्ष समारोह के लिए सभी ग्राम पंचायत, पंचायत सचिव एवम पंचायत सहायकों की दो बसों को लखनऊ रवानगी के लिए उन्होंने हरी झंडी दिखाई चाही, जिसका विरोध बुढ़ाना ब्लॉक प्रमुख पाल्ली देवी के पुत्र विनोद मलिक और उनके समर्थकों ने किया। तब उच्च अधिकारियों को निर्देश पर उन्होंने दूसरे स्थान पर दोनों बसों को हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया। दूसरी ओर बुढ़ाना ब्लॉक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने बताया कि जब बीडीओ विकास कार्यों को हरी झंडी नहीं दिखा सकते, तो फिर उन्हें बसों को हरी झंडी दिखाने का क्या अधिकार है।

२१ दिन का निःशुल्क ब्यूटीशियन कोर्स कैंप लगाया

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बुस.)। वूमेन पावर संगठन की रोजगार देने के लिए पहल काव्या ब्यूटी सैलून नई मंडी निकट नंदी स्वीट्स पर २१ दिन का निशुल्क ब्यूटीशियन कोर्स प्रारम्भ हुआ। वूमेन पावर एवं काव्या ब्यूटी सैलून तत्वावधान में नई मंडी काव्या ब्यूटी सैलून पर आज २१ दिन का निशुल्क ब्यूटीशियन कोर्स कैंप लगाया गया, जिसका उद्घाटन वूमेन पावर की अध्यक्ष सरिता पराशर संयोजक एसके बिट्टू, सभासद पूनम शर्मा, विकास गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कैंप के लगने से बहुत सी महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर वूमेन पावर की अध्यक्ष सरिता पराशर, संयोजक एसके बिट्टू, सभासद पूनम शर्मा, सभासद विकास गुप्ता, नीति सिंघल, साधना गुप्ता और जिनके पार्लर पर यह कैंप काव्या ब्यूटी सैलून की ऑनर काव्या शर्मा एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

योगी शासन में राशन डीलर को नहीं है किसी का भी डर, डकार रहा है गरीबों का राशन

बुढ़ाना, १४ दिसम्बर (बु.)। स्थानीय कस्बे के मौहल्ला लुहसाना रोड पर स्थित एक राशन डीलर पर गरीब राशन कार्ड धारकों का राशन डकारने का आरोप लगा है। यह आरोप आज मंगलवार के दिन उन राशन कार्ड धारकों ने राशन डीलर पर लगाया है, जो गरीब वर्ग के लोगों को बिल्कुल भी राशन सामग्री नहीं दे रहा है। मिली जानकारी के अनुसार लुहसाना रोड के आसपास के निवासियों ने बताया कि राशन डीलर हम गरीबों का राशन डकार रहा है। यहां के लोगों ने राशन डीलर पर आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महन्त योगी आदित्यनाथ महाराज के आदेश हैं कि गेंहू, चावल, चना, तेल और नमक हर एक राशन कार्ड धारक को फ्री बांटना है, लेकिन उक्त राशन डीलर गेहूं, चावल, नमक और तेल को बांटकर साफ कहता है कि हमारे पास चना नहीं है। जब आगे से ही नहीं आ रहा है, तो हम आप लोगों को चना कहां से दें। राशन कार्ड धारकों का कहना है कि उक्त राशन डीलर दोपहर के २ बजते ही दुकान बंद कर देता है और उसके बाद बिल्कुल भी दुकान नहीं खोलता है, जिसके चलते राशन कार्ड धारकों में राशन डीलर के प्रति भारी रोष व्याप्त है। डीलर अपनी मनमानी चलाकर गरीब राशन कार्ड धारकों का खुला उत्पीड़न कर रहा है।

२३.२० करोड़ रुपये किसानों के खातों में भेजे

मीरांपुर, १४ दिसम्बर (बु.)। टिकौला मिल के अधिशासी अधिकारी एम.सी शर्मा ने बताया कि मिल ने २९ नवम्बर से ५ दिसम्बर २०२१ तक खरीदे गये गन्ने का सम्पूर्ण भुगतान २३.२० लाख रुपये समितियों के माध्यम से किसानो को कर दिया है। किसान सम्बन्धित समितियों/बैंकों के माध्यम से अपना भुगतान प्राप्त कर लें।

"राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस" पर गोष्ठी का आयोजन किया

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बुस.)। स्थानीय एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में "राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस" पर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. आरएम तिवारी, डीएवी (पीजी) कालेज एवं विशिष्ट अतिथि मंजू शर्मा, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, नीरज शर्मा, संस्थान के अधिशासी निदेशक प्रो. (डॉ.) एसएन चौहान, प्राचार्य डॉ. ए.के. गौतम व डीन डॉ. पारेश कुमार ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन पारूल गुप्ता ने अमिता ठाकुर व शिवानी के सहयोग से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आरएम तिवारी ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण एक बड़ी आवश्यकता है। हमने प्राकृतिक श्रोतों का अधिक दोहन करके अपनी आने वाली पीढ़ी का संकट में डाल दिया है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा और संसाधन संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। हमें इस विषय में जागरूकता बढ़ाने के लिये घर-घर जाकर यह संदेश देना चाहिये कि दिन में हम कितनी ऊर्जा बचा सकते हैं, जिससे आने वाली पीढ़ी को ऊर्जा संरक्षण की महत्ता की जानकारी मिले। अतिथि नीरज शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि ऊर्जा संरक्षण आज के युग की आवश्यकता है, यदि हम अभी जागरूक नहीं हुए तो हमें भयंकर परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा ऊर्जा हम वाहनों में खर्च कर रहे है और साथ ही साथ प्रदूषण भी बढ़ा रहे है। हमें कमरे से बाहर निकलते समय सभी स्विच बंद कर देना चाहिये, जिससे हम काफी हद तक ऊर्जा संरक्षित कर सकते हैं। इस अवसर पर संस्थान के अधिशासी निदेशक प्रो. (डॉ.) एसएन चौहान ने कहा कि भारत में हर साल १४ दिसम्बर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है, यह दिन ऊर्जा के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये मनाया जाता है, क्योंकि यह हरित और उज्ज्वल भविष्य का सबसे अच्छा तरीका है। यह एक प्रथा है कि सभी को अपनी धरती के भविष्य को और बेहतर बनाने के लिये इसमें शामिल होना चाहिये। ऊर्जा के संरक्षण का अर्थ है ऊर्जा का अंधाध ुंध दुरूपयोग करने के बजाय बुद्धिमानी से उसका उपयोग करना। संस्थान के प्राचार्य डॉ. ए.के. गौतम ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण किसी भी व्यवहार या कार्य को संदर्भित करता है, जिसके परिणाम स्वरूप ऊर्जा खपत में कमी आती है। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम लोगों को अत्यधिक ऊर्जा का उपयोग करने के बजाय कम ऊर्जा का उपयोग करने के लिये प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम की संयोजिका पारूल गुप्ता ने इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित कराई, जिसमें प्रणिका बंसल, नेहा सिंह, ईशान, उर्वशी, ईशा, पलक शर्मा, तान्या त्यागी, यशी शर्मा, निकुंज, राजन, अमृत, आयुषी, निखिल, मेघा शर्मा, आशुतोष, रितिक आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में डॉ. आरटीएस पुंडीर, डॉ. योगेश शर्मा, अभिषेक राय, मनोज झा, डॉ. नितिन गुप्ता, अंकुर सक्सेना, पुनित गोयल, अमित गुप्ता, नीरज कुमार, जितेन्द्र कुमार, अमिता ठाकुर, गौरव कुमार, संगीता अग्रवाल, शिवानी कौशिक, राजेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, धीरज कुमार, प्रमोद कुमार, गोपाल, ब्रजमोहन, आकाश कुमार आदि का सहयोग रहा।

जैन कन्या महाविद्यालय में व्याखान का आयोजन

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बुस.)। जैन कन्या महाविद्यालय के सभागार में प्राचार्या डॉ. सीमा जैन की अध्यक्षता में आजादी के अमृत महोत्सव की शृंखला में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता महेश राठौर रहे। उन्होंने आजादी के ७५ वर्ष पूरे होने पर छात्राओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्राचार्या डॉ. सीमा जैन ने आजादी में भाग लेने वाले सभी महान विभूतियों को याद किया। मंच का संचालन पारस चौधरी ने किया। इस मौके पर नीरज जैन, रजनीश गौतम आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। यह कार्यक्रम राजनीति विज्ञान विभाग, संस्कृत विभाग एवं इतिहास विभाग के तत्वावधान में संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. आभा सैनी, डॉ. शिष्ट, डॉ. वर्चसा, डॉ. मजुंसा, बीना मित्तल, शिवानी, मनीषा का सहयोग रहा। डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. संतोष, सोनाली, डॉ. पारूल, डॉ. वन्दना शर्मा, डॉ. पूनम, नीता भटनागर, प्रतिमा शर्मा, खुशनब, मोनिका आदि उपस्थित रहे।

जय भारती विद्या मंदिर में गीता जयंती महोत्सव मनाया गया

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बुस.)। जय भारती विद्या मंदिर नई मंडी में गीता जयंती महोत्सव मनाया गया। श्री गीता जयंती महोत्सव महाभारत के युद्ध के दौरान श्रीकृष्ण ने गीता का ज्ञान अर्जुन को देकर उनके मन को प्रकाशित किया था। इसीलिए आज का दिन श्री गीता जयंती महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। जय भारती विद्या मंदिर स्कूल में भी आज का यह दिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में श्री गीता जी के प्रति जागरूकता एवं अच्छे संस्कारों से बच्चों को जागृत कराना था। इसी उपलक्ष में स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। श्रीकृष्ण भजन, श्रीकृष्ण लीला को दर्शाते हुए नृत्य, श्रीकृष्ण अर्जुन संवाद, श्री गीता जी के श्लोक एवं उनका अर्थ समझाना और एलकेजी एवं नर्सरी के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा श्लोक उच्चारण किए गए। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य ने बच्चों को श्री गीता जयंती का महत्व बताया। श्री गीता जी से हमें क्या शिक्षा मिलती है, जीवन को किस प्रकार व्यतीत करना चाहिए। श्री रामायण जी का जीवन में क्या मूल्य है, हमें अपने विचार एवं स्वभाव को किस प्रकार रखना चाहिए। यह सभी बातों की ओर बच्चों का ध्यान केंद्रित किया। सभी बच्चे इस कार्यक्रम में भाग लेने पर बहुत ही खुश हुए एवं उनका प्रोत्साहन भी श्री गीता जी को पढ़ने की ओर बढ़ा। बच्चों ने बताया कि आज वह घर जाकर अब से रोज अपने माता पिता को प्रणाम जरूर करेंगे। यही संस्कार हमारी संस्कृति के लिए और हमारे बच्चों के लिए बेहद जरूरी है। स्कूल प्रशासन द्वारा इस बात को ध्यान में रखते हुए ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर करवाए गए हैं।

शोक संदेश

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय
श्री राजकुमार गोयल जी का **स्वर्गवास**
दिनांक : 5 दिसम्बर 2021, दिन रविवार
को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म पगड़ी दिनांक 16 दिसम्बर 2021,
दिन बृहस्पतिवार को **स्थान : सनातन धर्म सभा,**
निकट झांसी की रानी, मुजफ्फरनगर पर होनी निश्चित हुई है।

ब्रह्मभोज : दोपहर 12 बजे -- रस्म पगड़ी : दोपहर 2 बजे

-शोकाकुल परिवार-
श्रीमती शारदा देवी (पत्नी),
राजेश मोहन गोयल-शिखा गोयल (पुत्र-पुत्रवधु)
ब्रिजेश मोहन गोयल-मीनू गोयल (पुत्र-पुत्रवधु)
सुधीर मोहन गोयल-छाया गोयल (पुत्र-पुत्रवधु),
जूली-सचिन (पुत्री-दामाद) अंश, वंश, नोनू (पौत्र), अवि (नाती)
एवं समस्त गोयल परिवार

-निज निवास-
109, नवाबगंज पश्चिमी, निकट हनुमान चौक,
मुजफ्फरनगर
मोबाइल : 9927000245, 7017511601

नोट : कृपया कोरोना नियमों का पालन करें एवं पगड़ी ना लायें।

मेरठ में होगा १५वां वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का विशाल आयोजन : अनिल कंसल

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बुस.)। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के जिला उपाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन की अध्यक्षता में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कंसल के निवास स्थान पर एक मीटिंग का आयोजन हुआ, जिसमें मेरठ से पधारे श्री अग्रसेन वैश्य अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष सर्वेश नन्दन गर्ग, महामंत्री अमन गुप्ता एवम मुख्य संयोजक मुकेश अग्रवाल ने बताया कि हमारी सभा द्वारा ६ जनवरी २०२२ को मेरठ में प्यारेलाल शर्मा स्मारक निकट बच्चा पार्क में विशाल वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें मंच पर आकर अपना परिचय देने वाले प्रत्येक युवक युवती को मंच पर एक प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाता है। इसमें रजिस्ट्रेशन कराने के लिऐ हमने मुजफ्फरनगर का प्रभारी अनिल कंसल को नियुक्त किया हुआ है और इन्होंने शहर के विभिन्न स्थानों पर सैंटर बनाकर वहां पर फार्म उपलब्ध करा रखे हैं, जो भी प्रत्याशी परिचय सम्मेलन में भाग लेना चाहें वे उपरोक्त स्थानों से फार्म प्राप्त करके, वहीं पर भर कर वापस दे सकते हैं। फार्म भरकर वापस देने की आखिरी तारीख २० दिसम्बर है, जिसमें रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र ४०० रक्खा गया है, जिसमें पत्रिका भी निःशुल्क होगी व सम्मेलन में आने वाले परिवार के सदस्यों के लिये नाश्ता व खाने की व्यवस्था भी रहती है। डॉक्टर कमल गुप्ता होम्योपैथिक नई मंडी पीठ बाजार आलोक गर्ग बिजली वाले पीठ बाजार नई मंडी, विमल गुप्ता (रघुबीर सिंह गुप्ता) किताबों वाले चौड़ी गली न्यू मंडी, बालाजी मेडिकल स्टोर वकील रोड़ नई मंडी, सिंघल मेडिकल स्टोर गौशाला रोड, सिंघल ज्वैलर्स चौड़ी गली नई मंडी, डॉक्टर अशोक अग्रवाल बालाजी रोड नई मंडी, सोहनलाल गर्ग पटेल नगर निकट टेलीफोन एक्सचेंज पार्क, नरेन्द्र मित्तल लोहे वाले लोहिया बाजार, राजीव गुप्ता अमर रेवड़ी भंडार अंसारी रोड़, अनपूर्ण स्वीट्स, ऋषभ मित्तल सिद्धबली स्वीट्स, आयुष मित्तल पूजा स्वीट्स कृष्णापुरी, अमित अग्रवाल (बंटी) कृष्णापुरी, अनुज गर्ग (पप्पलू) एसडी मार्किट, अनिल तायल इंसोरेंस वाले आर्य समाज रोड़, आशीष सिंघल महालक्ष्मी मोबाइल आदर्श कालोनी मैन रोड अन्य किसी भी जानकारी की लिये अनिल कंसल से नई मंडी ६९० पटेल नगर पर मिल सकते हैं वे इस नम्बर पर जानकारी कर सकते हैं। सभा में मुख्य रूप से सोहनलाल गर्ग, कमल किशोर गोयल, अजय गर्ग, प्रमोद गोयल, नरेन्द्र मित्तल, राजीव गुप्ता, सीए अजय अग्रवाल, सीए मनीष बंसल, अतुल ऐरन, अमित मित्तल, अमित अग्रवाल, आशीष गोयल आदि अनेकों अग्रबंधु उपस्थित रहे।

ऊर्जा संरक्षण, धन संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण राष्ट्र विकास के लिए एक सार्थक पहलू

कैराना, १४ दिसम्बर (बु.)। विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान विभागीय परिषद और राष्ट्रीय सेवा योजना शामली के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर योगेंद्र पल सिंह ने युवा छात्र छात्राओं को ऊर्जा संरक्षण की शपथ दिलाते हुए प्रेरित किया कि ऊर्जा हमारी जीवन शैली का अभिन्न अंग है। ऊर्जा की आज की बचत कल एक बेहतर दिन के लिए सदुपयोगी हो सकती है। महाविद्यालय के रसायन विभाग की विभागीय परिषद प्रभारी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना शामली के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अजय बाबू शर्मा ने कार्यक्रम की थीम रखते हुए बताया कि १४ दिसम्बर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाने के पीछे उद्देश्य यह है कि ऊर्जा की बचत कर हम अप्रत्यक्ष रूप से राष्ट्र के लिए एक मदद कर रहे होते हैं। ऊर्जा संरक्षण से धन की भी बचत होती और आर्थिक प्रबंधन में मदद मिलती है। इस अवसर पर बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा सुनैना ने कार्यक्रम का संचालन किया। शपथ कार्यक्रम के अवसर पर डॉ राजेश कुमार अग्रवाल, डॉ. भूमेश कुमार, डॉ. नीतू त्यागी, डॉ. हरेंद्र सिंह के साथ समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम आयोजन में हिमांशु, पप्पन, सौरभ, आदि का विशेष सहयोग रहा।

भट्टा मालिक ने लगाया लेबर ठेकेदार पर रुपये हड़पने का आरोप

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बु.)। एक ईट भट्ठा मालिक ने ठेके पर लेबर लाने वाले व्यक्ति पर लाखों की रकम हड़पने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांव गदनपुर निवासी विकास कुमार ने शहर कोतवाली में प्रार्थनापत्र देते हुए बताया कि उसका कोतवाली क्षेत्र के गांव बहेडी में ईंट भट्ठा है। आरोप है कि बहेडी निवासी अखिलेश मजदूरों को पेशगी की रकम दिलाकर ईंट पथाई के लिए भट्ठे पर लेकर आता है। बीती तीन नवंबर को अखिलेश अपने साथ सेवाराम, सुदेश, संजू, प्रमोद निवासीगण अंबेहटा थाना देवबंद आए। उक्त लोगों को उसने पथाई के लिए लाखों रुपये की पेशगी और चेक दिए। इसके अलावा अजय निवासी दतियाना को भी उसने चालीस हजार नकद और चेक दिया। उक्त लोगों ने २१ नवंबर से भट्ठे पर कार्य करने का वायदा किया, लेकिन उक्त लोग भट्ठे पर कार्य करने के लिए नहीं आए। इतना ही नहीं आरोपितों ने पेशगी के लिए हुए रुपये भी वापस नहीं किए। इतना ही नहीं उक्त लोगों ने एक फर्जी प्रार्थनापत्र जिलाधिकारी कार्यालय में दे दिया। प्रार्थनापत्र में उक्त लोगों ने उन्हें भट्ठे पर बंधक बनाने का आरोप लगाया था। शहर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

कैडेट्स ने विभिन्न सैन्य पाठयक्रमों का अध्ययन किया

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बुस.)। आज मंगलवार गवर्नमेंट इण्टर कॉलेज में चल रहे एनसीसी कैम्प (वार्षिक प्रशिक्षण शिविर) CATC265 में कैडेट्स ने विभिन्न सैन्य पाठयक्रमों का अध्ययन किया। आपातकाल स्तिथियों का प्रबंधन, भारतीय सेना के इतिहास में दर्ज शूरवीरता का प्रदर्शन करने वाले जाबांजों के करतब एवं उनके द्वारा प्राप्त परमवीर चक्र, अशोक चक्र, कीर्ति चक्र, शौर्य चक्र, सेना मेडल आदि का अध्ययन, भूमि पर मौजूद बिल्डिंग, खास चिन्ह आदि को नक्शे में ढूंढना तथा नक्शे में मौजूद मंदिर, संस्थान, स्टेशन आदि को जमीन पर ढूंढना का अध्ययन किया। इसके अतिरिक्त शारीरिक दक्षता हासिल करने के लिए शारीरिक प्रशिक्षण में ड्रिल एवं अन्य पी टी आदि में भाग लिया। आज की कक्षाओं के निरीक्षण के दौरान कैम्प कमांडेंट कर्नल सुगंध शर्मा ने बताया कि कैडेट्स को प्रतिदिन शब्दकोष आदि से शब्दों को समझने पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। उस से बहुत सारी जानकारी तुरंत समझ आती है। कैम्प में इसके अतिरिक्त कैम्प अड्जुटेंट कर्नल बकुल गोसाई ने कैडेट्स को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। कैम्प ट्रेनिंग ऑफिसर मेजर विजय कुमार ने कैडेट्स को विभिन्न जानकारी दी।

चाकू के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

कैराना, १४ दिसम्बर (बु.)। पुलिस ने चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों को दो चाकू के साथ गिरफ्तार करके चालान कर दिया। मंगलवार दोपहर करीब ९:०० बजे पुलिस ने चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुराना बाइपास हसन स्टील फैक्ट्री के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से एक-एक चाकू बरामद किया। पुलिस ने मामले में आरोपी गोविंद निवासी गांव आल्दी थाना कांधला और आफताब निवासी मौहल्ला गुजरान थाना गंगोह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके चालान कर दिया।

आवश्यकता है

मसालों के काम के लिए सेल्समैन/ सेल्स मैनेजर की आवश्यकता है।

सैलरी+इन्सेंटिव

-: सम्पर्क करें :-
9910050141

चारू एन्टरप्राइजेज
गांधीनगर, पार्ट-2, (शांतिनगर के सामने), मुजफ्फरनगर

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजीव कुमार पुत्र नरेश कुमार निवासी 78, रामपुरी, थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर का निवासी हूँ। मेरा पूर्व पत्नी श्रीमती मधु पुत्री श्री रामकुमार निवासी मुजाहिदपुर, थाना रतनपुरी, जिला मुजफ्फरनगर से वाद संख्या 1514 सन् 2017 अन्तर्गत धारा 13बी. हिन्दू विवाह विच्छेद अधिनियम के अन्तर्गत न्यायालय प्रधान एवं परिवार न्यायाधीश मुजफ्फरनगर के यहां से दिनांक 14.07.2018 को तलाक हो चुका है तथा मेरे व मधु के मध्य किसी प्रकार का कोई वाद-विवाद नहीं रहा था, सब फाईनल हो गया था। मैंने उसके बाद से अपनी पूर्व पत्नी श्रीमती मधु के खिलाफ कोई प्रार्थना पत्र श्रीमान बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुजफ्फरनगर/जिलाधिकारी और अन्य किसी भी अधिकारीगण के यहां नहीं दिया है। यदि मेरे नाम से किसी व्यक्ति ने कोई प्रार्थना पत्र मधु के विरुद्ध गलत तरीके से दिया है, तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मे

जिला अस्पताल में महिला सहित दो लोगों की मौत

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बु.)। जिला चिकित्सालय में भर्ती वृद्ध सहित दो लोगों की मौत हो गयी। गौरतलब है कि विगत दिनों एक ७० वर्षीय अज्ञात वृद्ध जिला चिकित्सालय के रैन बसेरे में मिला था, जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया था। जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान आज उसकी मौत हो गयी। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी पर रखवाकर मामले की सूचना पुलिस को दी है। सूचना पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। एक अन्य मामले में नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव बझेडी निवासी ४० वर्षीय विवाहिता को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने कानूनी कार्यवाही से इंकार कर दिया और शव को घर ले गये।

अदाणी करेगी एसईसीआई 4,667 मेगावाट की आपूर्ति

अहमदाबाद, 14 दिसम्बर (वार्ता) दुनिया के सबसे बड़े सोलर एनर्जी डेवलपर और डायवर्सिफाईड अदाणी ग्रुप की रिन्यूएबल एनर्जी ईकाई अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने 4,667 मेगावाट हरित बिजली की आपूर्ति के लिए सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा हरित बिजली खरीद समझौता है। अदाणी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा कि 'हमें एसईसीआई के साथ दुनिया के सबसे बड़े पीपीए पर हस्ताक्षर करने की खुशी है। यह भारत के दोहरे उद्देश्य को पूरा करने के लिए उठाया गया कदम है, जिसमें भारत के रिन्यूएबल एनर्जी फुटप्रिंट्स में तेजी लाने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के तहत घरेलू मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देना शामिल है।

पचैंडा रोड स्थित बारातघर पर मनोरंजन एवं वाचनालय का उद्घाटन करते प्रेस काउंसिल के सदस्य अंकुर दुआ एवं सहारनपुर से आए विशिष्ट अतिथि, कार्यक्रम में अपने विचार रखते श्री दुआ, कार्यक्रम में भाग लेने वाले पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक।

सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी की एक और उपलब्धि

❑वाचनालय तथा मनोरंजन कक्ष का सम्पादक अंकुर दुआ ने विशिष्ट अतिथियों के साथ किया उद्घाटन

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बु.)। गांधी कॉलोनी, पचैंडा रोड बारातघर में मंगलवार को सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी द्वारा वाचनालय तथा मनोरंजन कक्ष का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य व सम्पादक अंकुर दुआ ने फीता काटकर उक्त कक्ष का सहारनपुर से पधारे विशिष्ट अतिथियों केएल अरोरा, आरके जैन, केएल डाबरा तथा केके खन्ना के साथ संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। उक्त कक्ष में सीनियर सिटीजन किसी भी समय आकर प्रत्येक तरह के समाचार पत्र, मनोरंजन के लिए कैरम बोर्ड समेत कई प्रकार के खेल, खेल सकते हैं। इससे पहले सुबह हवन यज्ञ आयोजित कर विनिता, प्रमोद कुमार, ऊषा, यशपाल सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान बारातघर के हॉल में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अनिल सोबती (मंत्री) व विनोद डाबर ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर बोलते हुए सहारनपुर से पधारे विशिष्ट अतिथियों ने संस्था की भूरि– भूरि प्रशंसा की और कहा कि मुजफ्फरनगर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा उक्त सोसायटी को जिस बखूबी तरीके से संभाला जा रहा है, वह अपने आपमें एक मिसाल है। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था सहारनपुर, देहरादून, मुजफ्फरनगर आदि कई बड़े शहरों में अपने सदस्य बना चुकी है। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि अंकुर दुआ ने कहा कि सीनियर सिटीजन हमारी अनमोल धरोहर हैं। एक शेर के माध्यम से उन्होंने कहा कि :–

पेड़ बूढ़ा ही सही, घर के आंगन में रहने दो।

बेशक वह फल न दे, मगर ठण्डी छाया हमेशा देता रहेगा।

इसी तरह बुजुर्गों के हमारे साथ रहने का भी यही उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जो लोग जवानी के जोश में आकर अपने बुजुर्गों का सम्मान नहीं करते वह अवश्य ही एक दिन पछताते हैं। विशिष्ट अतिथियों के जोश को देखकर श्री दुआ ने कहा कि ७८ और ८३ साल की उम्र में भी ऐसा जोश वास्तव में काबिले तारीफ है। इस अवसर पर कमैटी के अध्यक्ष एके डोडा द्वारा सहारनपुर एवं नगर से पधारे अतिथियों का माल्यार्पण कर सत्कार व धन्यवाद किया गया। श्री डोडा ने इस अवसर पर संस्था की अन्य उपलब्धियों व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि जिस उम्र में बच्चे पढ़– लिखकर बाहर चले जाते हैं, उस उम्र में संस्था के सदस्य व अन्य मित्र ही काम आते दिखाई देते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे संस्था के समस्त सदस्यों एवं सीनियर सिटीजंस के लिए हमेशा सुख दुःख में साथ खड़े दिखाई देते हैं और खड़े दिखाई देते रहेंगे। सभा को सहारनपुर से पधारे केएल डाबरा, आरके जैन तथा डॉ. केके खन्ना ने सम्बोधित किया तथा हर प्र. कार के सहयोग एवं मागदर्शन का आश्वासन दिया। अतिथियों ने अपने वक्तव्य पेश करते हुए कहा कि जो लोग यह समझते हैं कि ६० वर्ष की उम्र में हम बूढ़े हो चले हैं वह लोग किसी भी तरह का भ्रम न पालें, ६० वर्ष से अधिक की उम्र में भी आज के नौजवां से ज्यादा कार्य करने की उर्जा उनमें मौजूद है। और ६० वर्ष ही नहीं उनके सहयोगी ७८ वर्ष की उम्र में भी पूरे जोश के साथ अपने परिवार के साथ साथ सामाजिक कार्यों में भी अहम भागेदारी किए हुए हैं। सभा में वरिष्ठ पदाधिकारी चुन्नी लाल सुनेजा संरक्षक, मंगत राम जलोत्रा, आरके मलिक एडवोकेट, विनोद डाबर, प्रमोद अरोरा, बाल बहादुर, ओपी ढींगरा, अनिल धमीजा, कुलभूषण बजाज, अरुण कुमार मिड्डा, हरिमोहन शर्मा, राजेन्द्र गर्ग, राम लुभाया, संत लाल, प्रमोद भूटानी, जगदीश राज बाधवा, सुभाष साहनी, अजय भार्गव आदि ने भाग लिया।

385 दिन बाद आज सिसौली पहुंचेगा चौधरी राकेश टिकैत का विजय मार्च

❑हड़ौली में सद्भावना दिवस के रूप में मनाएंगे भाकियू अध्यक्ष नरेश टिकैत का ५८वां जन्मोत्सव ❑ भव्य रूप से सजाया गया सिसौली

मुजफ्फरनगर, १४ दिसंबर (बु.)। मोदी सरकार से एक साल की लंबी लड़ाई के देश के मानचित्र में बड़े किसान नेता के रूप में उभरे भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत का विजय मार्च बुधवार को भाकियू की राजधानी सिसौली पहुंचेगा। गाजीपुर बॉर्डर से सुबह ६ बजे टिकैत का काफिला अभूतपूर्व स्वागत के बीच हड़ौली पहुंचेगा, जहां भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत का ५८वां जन्म दिन सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सिसौली को भव्य रूप से सजाने के साथ विजयी जश्न के लिए सैंकड़ों कुंतल लड्डू तैयार करने का काम देर रात तक चलता रहा। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ३८५ दिन बाद बुधवार को अपने पैतृक गांव सिसौली पहुंच रहे हैं। एक साल के किसान आंदोलन के दौरान राकेश टिकैत जिले की सीमा से होकर कई बार गुजरे, लेकिन इस दौरान घर की तरफ रुख नहीं किया। तीनों कृषि कानूनों को वापस कराने के बाद राकेश टिकैत बुधवार को अपने घर लौट रहे हैं। ऐसे में गाजीपुर बॉर्डर से लेकर सिसौली तक उनके अभूतपूर्व स्वागत की तैयारी है। टिकैत का काफिला बुधवार सुबह ६ बजे गाजीपुर बॉर्डर से शुरू होगा। काफिले में कई सौ गाड़ियां और ट्रैक्टर शामिल होंगे। गाजियाबाद, मोदीनगर, परतापुर में जगह–जगह स्वागत होने के बाद जिले में बॉर्डर से स्वागत शुरू होगा। खतौली, भैंसी, मंसूरपुर, पुरबालियान, शोरम होते हुए टिकैत का काफिला हड़ौली गांव पहुंचेगा। बुधवार को भाकियू प्रमुख नरेश टिकैत का ५८वां जन्मदिन है। टिकैत के जन्म दिन को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। राकेश टिकैत बड़े भाई नरेश टिकैत को हैप्पी बर्थडे विश करेंगे। बताया

गया है कि नरेश टिकैत के जन्म दिन पर ५८ किलो का केक काटा जायेगा। इसके अलावा पांच गांवों के किसानों को चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत शान्ति पुरस्कार दिया जायेगा। राकेश टिकैत के बेटे चरण सिंह टिकैत ने बताया कि हड़ौली के बाद विजयी मार्च सिसौली पहुंचेगा। यहां पर विजय जश्न मनाने को व्यापक तैयारियां की गई है। किसान भवन को सजाने के साथ जश्न में जुटने वाले किसानों के लिए सैंकड़ों कुंतल लड्डू तैयार किए गए हैं। राकेश टिकैत के रात में सिसौली में रुकने की उम्मीद है।

कोविड टीकाकरण में 133.88 करोड़ टीके लगे

नयी दिल्ली 14 दिसंबर (वार्ता)। देश में कोविड टीकाकरण अभियान में पिछले 24 घंटे के दौरान 66.98 लाख से अधिक कोविड टीके लगाये गये। इसके साथ ही कोविड टीकाकरण 133.88 करोड़ से अधिक हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि पिछले 24 घंटों में देश में 66 लाख 98 हजार 601 कोविड टीके लगाये गये हैं। इसके साथ ही आज सुबह सात बजे तक देश में 133 करोड़ 88 लाख 12 हजार 577 कोविड टीके लगाए जा चुके हैं। पिछले 24 घंटे में कोविड संक्रमण के 5784 नए मामले सामने आए हैं। यह 571 दिन में सबसे कम है। देश में अभी 88993 कोविड रोगियों का इलाज चल रहा है। यह 563 दिन का न्यूनतम स्तर है। यह संक्रमित मामलों का 0.26 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.58 प्रतिशत रही है। इसी अवधि में 7995 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल तीन करोड़ 41 लाख 38 हजार 763 लोग कोविड से उबर चुके हैं।

शेष : पति की हत्यारन...

गांव संधावली में २२५ गज का एक मकान खरीद लिया था, जिसके एक हिस्से में उसकी सौतेली मां आमना तथा दूसरे हिस्से में उसके पिता यासीन रहते थे। उसकी मां उसके पिता वाला मकान बिकवाना चाहती थी, जिसको लेकर वह अक्सर उनसे लड़ती थी। आरोप था कि उसकी सौतेली मां तथा उसके बेटों ने साजिश रचकर झूठी लूटपाट दिखाकर उसके पिता की हत्या करा दी। दोनों तहरीरों पर पुलिस ने विवेचना की थी, जिसमें प्रकाश में आया था कि मृतक की पत्नी आमना ने उसके प्रेमी आरिफ उर्फ दीवान पुत्र अंसार निवासी गांव सूजडू के साथ साजिश रचकर यासीन की गोली मारकर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी आरिफ उर्फ दीवान से आला–ए– कत्ल तमंचा भी बरामद कर लिया था। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार त्यागी ने बताया कि घटना के मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या–१४ के जज संदीप गुप्ता ने की। उन्होंने बताया कि घटना साबित करने के लिए अभियोजन ने कोर्ट में २१ गवाह पेश किये। पेश गवाह तथा सुबूत के आधार पर कोर्ट ने मृतक की पत्नी आमना तथा उसके प्रेमी आरिफ उर्फ दीवान को हत्या तथा अपराधिक साजिश रचने के आरोप में सोमवार को दोषसिद्ध किया था। मंगलवार को कोर्ट ने सजा के प्रश्न पर सुनवाई की, जिसके उपरांत दोनों दोषियों को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई। दोनों पर एक–एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया।

चारधाम परियोजना को सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी

नयी दिल्ली, 14 दिसंबर (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने पर्यावरण रक्षा के उपायों पर अमल करने की शर्तों के साथ चीन की सीमा तक जाने वाली राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण तीन सड़कों की चौड़ाई साढ़े पांच से 10 मीटर बढ़ाने की स्वीकृति प्रदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी 12000 करोड़ रुपए की करीब 900 किलोमीटर लंबी चारधाम राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना को मंगलवार को हरी झंडी दे दी। न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रमनाथ की पीठ ने केन्द्र सरकार की उस दलील का संज्ञान लिया, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सामरिक दृष्टि से दोहरी सड़कों की चौड़ाई साढ़े पांच से बढ़ाकर 10 मीटर किया जाना अनिवार्य बताया था। पीठ ने चौड़ाई बढ़ाने का विरोध कर रही स्वयंसेवी संस्था की दलीलों को भी खारिज नहीं किया और इस संदर्भ में पर्यावरण के उच्च मानक का पालन नहीं होने की उच्चाधिकार प्राप्त समिति की रिपोर्टों का संज्ञान लिया। शीर्ष अदालत ने रक्षा मंत्रालय की उस दलील पर सहमति जतायी जिसमें परियोजना के तहत आने वाली तीन सड़कों को सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताया गया है। अदालत ने माना कि ये सड़कें अन्य पर्वतीय सड़कों से अलग महत्व की हैं। अदालत ने भारत-चीन सीमा पर हाल के बदले हुए हालात को देखते हुए परियोजना के तहत ऋषिकेश से गंगोत्री (राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 94 एवं 108), ऋषिकेश से माणा (राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-58) और टनकपुर से पिथौरागढ़ (राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 125) सड़कों की 10 मीटर तक चौड़ाई बढ़ाने की रक्षा मंत्रालय गुहार स्वीकार कर ली। पीठ ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से इन महत्वपूर्ण रणनीतिक सड़कों की चौड़ीकरण की मंजूरी के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा से जुड़े सभी उपचारात्मक उपायों को लागू करने लिए उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए. के. सीकरी की अध्यक्षता में एक निगरानी समिति का गठन किया है। यह समिति उच्चाधिकार प्राप्त समिति की सिफारिशों के अमल सुनिश्चित करेगी। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता स्वयंसेवी संस्था (एनजीओ) 'सिटीजंस फॉर ग्रीन दून' की उठायी गयी पर्यावरण संबंधी चिंताओं को भी स्वीकार किया और इससे संबंधित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के उस निष्कर्ष को भी तवज्जो दी, जिसमें निर्माण कार्य के दौरान पर्यावरण की रक्षा लिए बेहतरीन उपायों को नजरअंदाज करने बात कही गई थी।

हाईवे पर पलटी दो कार, कई घायल

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बु.)। हाईवे पर रोहाना के निकट बनाये जा रहे फ्लाईओवर पर आज दो गाड़ियों के पलट जाने से कई लोग घायल हो गये। पुलिस ने हाईवे एम्बुलैंस की मदद से उन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। गौरतलब है कि नेशनल हाईवे ५८ पर रामपुर तिराहा व सिसौना के बीच

शामली बाईपास को जोड़ने के लिए फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। इस फ्लाईओवर पर आये दिन हादसे हो रहे है, यहां फ्लाईओवर का निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था द्वारा किसी भी प्रकार की बेरिकेडिंग या सुरक्षा के इंतजाम नहीं किये गये हैं। आज सवेरे कोहरे के कारण दो कार पलट गयी। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में फरहान, ताहिर व नवाब तथा दूसरी गाड़ी में सवार जम्मू निवासी सुमित पुत्र नाथीराम घायल हुए थे। घायल जिला चिकित्सालय में उपचार कराकर अपने घरों को चले गये। इसके अलावा पचैण्डा कट के समीप हुए हादसे में परवेज आलम गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

मौसम में ठंड का प्रकोप जारी

❑वायु गुणवत्ता सूचकांक में कमी से लोगों को राहत
❑अब अगले तीन दिनों में जगी पश्चिम में बारिश की उम्मीद

मुजफ्फरनगर, 14 दिसम्बर (बु.)। पहाड़ों पर जारी बर्फबारी और मैदानी इलाकों में आसमान में छाए बादलों के बीच मौसम ठंड़ा होने का क्रम जारी है। ऐसे हालातों के बीच पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ दिल्ली-एनसीआर में आने वाले दिनों में बारिश की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। मौसम विभाग इन्हीं हालातों के बीच आने वाले दिनों में हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। मंगलवार दोपहर को मौसम विभाग ने जारी रिपोर्ट में कहा कि दिल्ली के साथ पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में 16 दिसंबर से अब हल्की बारिश होने की संभावना बढ़ गई है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने 15 दिसंबर की रात से एक और पश्चिमी विक्षोभ की आशंका जताई है, जिससे पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उत्तरी भागों में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश हो सकती है। दूसरी ओर मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक में भी राहत की उम्मीद जगी है, ऐसे में मुजफ्फरनगर का एक्यूआई मंगलवार को ओर भी बेहतर परिणामों के साथ 236 दर्ज किया गया। हालांकि वायु गुणवत्ता सूचकांक 236 खराब श्रेणी में ही आता है, लेकिन पूर्व के आंकड़ों में आई कमी जनपद के लोगों के लिए राहत की नई उम्मीद माना जा रहा है।

दिल्ली-एनसीआर के साथ बीते कई दिनों से उत्तर प्रदेश में सबसे ठंड़े जनपदों में शुमार रहे मुजफ्फरनगर जनपद में न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस का क्रम जारी रहा। वहीं अधिकतम तापमान मंगलवार को बुधवार के मुकाबले 1.9 डिग्री की बड़ी बढ़ोतरी के साथ 22 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं गलन में भी इस बीच 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी ने लोगों को मंगलवार को राहत दी है। मौसम विभाग ने बदले हालातों के बीच 15 दिसंबर से पहले ही जनपद का न्यूनतम पारा 5 डिग्री सेल्सियस से कम पहुंच चुका है। बीते दो दिन यानी 11 दिसंबर से तापमान 6 डिग्री के आसपास बना हुआ है। माना जा रहा है कि पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद मैदानी इलाकों में ओर भी ठंड़क होने की संभावना जता रही है। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के बीच दावा किया कि एक पश्चिमी विक्षोभ वर्तमान में पाकिस्तान और उससे लगे जम्मू काश्मीर के आसपास सक्रिय है, इसके प्रभाव से अब पश्चिमी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बन गया है। इस वजह से फिलहाल न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की उम्मीद कम ही है। बदले हालातों के बीच मौसम विभाग के मुताबिक 15 दिसंबर को एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में प्रवेश करने के आसार हैं। इस सिस्टम के आगे बढ़ने से 17 दिसंबर से ठंड बढ़ने लगेगी। मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में शीत लहर के भी चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों में 17 दिसंबर की दोपहर से 20 दिसंबर की दोपहर तक तेज निचले स्तर की उत्तर-पश्चिमी या उत्तर-पूर्वी हवाएं चलने की संभावना बनी हुई है। हिमाचल प्रदेश में मौसम और बिगड़ने वाला है। उधर, मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेश में तीन दिन बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है। राज्य के उच्च पर्वतीय कुछ भागों में 15 से 17 दिसंबर तक बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। पिछले दिनों हिमाचल के मनाली व इसके आसपास के क्षेत्रों में पिछले दिनों जमकर बर्फबारी हुई है। इस बीच, उत्तराखंड के कई क्षेत्रों में भी बर्फबारी देखने को मिल सकती है।

राजधानी लखनऊ सहित कई जनपदों में चेन लूट करने वाले 5 बदमाश दबोचे

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बु.)। प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत दर्जनों जनपदों में चेन स्नेचिंग व अन्य वारदात करने वाले ५ बदमाशों को नई मंडी पुलिस ने लूटी गयी नकदी, कार, स्कूटी व अन्य सामान सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस लाईन में आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि लक्ष्मण विहार निवासी आलोक मित्तल टहलने के लिए गुड मंडी जा रहे थे। बालाजी चौक के निकट स्कूटी पर आये दो बदमाशों ने उनसे सोने की चौन लूट ली थी और फरार हो गये थे। आलोक मित्तल ने इस सम्बंध में नई मंडी थाने पर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी थी। नई मंडी पुलिस घटना के खुलासे के लिए प्रयासरत थी। नई मंडी थाना प्रभारी पंकज पंथ के निर्देशन में पुलिस ने एटूजेड रोड से ५ बदमाशों को दबोच लिया, जिनके पास से ८०००० रुपये नगद, एक कार, एक स्कूटी व नकली राडो की घड़ियां बरामद हुईं। एसपीसिटी ने बताया कि यह गिरोह प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलावा बरेली, मुजफ्फरनगर व अन्य जनपदों में सक्रिय है और वहां चैन लूट सहित अन्य वारदातों को अंजाम दे चुका है। लखनऊ व बरेली पुलिस ने भी यहां पहुंचकर पकड़े गये बदमाशों से पूछताछ की। एसपी सिटी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश इकराम पुत्र असगर अल्वी निवासी मेरठ, तुषार पुत्र मारुति निवासी सतारा, महाराष्ट्र हाल निवासी मेरठ, बब्बू उर्फ बाबू मलिक पुत्र इकराम मलिक निवासी मेरठ, वैभव उर्फ सुभाष पुत्र पोपट निवासी सांगली महाराष्ट्र हाल निवासी मेरठ व साजिद पुत्र सलीम निवासी मेरठ हैं। एसएसपी ने बताया कि यह गिरोह स्कूटी एवं कार अपने पास रखते हैं। दो बदमाश स्कूटी से घटना करते हैं तथा कार को कुछ दूरी पर तीसरा बदमाश ले कर रखता है। घटना करने के बाद कार में माल छुपा देते हैं। इस गैंग द्वारा बुजुर्ग लोगों को सुबह की सैर करते हुए तथा दिन में बाजारों में निशाना बनाया जाता है। गिरोह के लोग बुजुर्ग व्यक्ति के पास जाकर रामराम करते हुए उनका आशीर्वाद बताते हुए घड़ी देते हैं तथा चेन व अंगूठी का साईज लेने के बहाने निकलवा लेते हैं, जो प्यार से नहीं देता उन लोगों को लूट लेते हैं। इस गैंग के पास नकली राडो कंपनी की कई घड़ियां होती हैं। इन बदमाशों के द्वारा इन घड़ियों की कीमत लगभग २ लाख रुपये बताई जाती है और बुजुर्गों को लालच दिया जाता है कि अपनी अंगूठी दे दो और २ लाख वाली घड़ी ले लो। इस गैंग ने लखनऊ, बरेली, आगरा, अलीगढ़, हरिद्वार, दिल्ली, नोएडा, मेरठ एनसीआर में कई घटनाओं का अंजाम दिया है। एसएसपी ने पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। गिरोह को पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उपनिरीक्षक राजकुमार राणा, मुकेश कुमार, जितेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार हरवेन्दर, रविंदर कॉन्स्टेबल मनेन्द्र सिसोदिया, सचिन कुमार, अरुण कुमार, कपिल कुमार व दीपक शामिल है।

ई–रिक्शा सहित चालक लापता

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बु.)। घर से अपने काम पर निकला ई–रिक्शा चालक रिक्शा सहित संदिग्ध हालातों में लापता हो गया। परिजनों ने उसके लापता होने की सूचना शहर कोतवाली मे दर्ज करायी है। पुलिस लापता रिक्शा चालक की तलाश कर रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला कुंदनपुरा निवासी देवेंद्र कुमार शर्मा ई–रिक्शा चलाकर अपने परिवार की गुजर बसर करता है। गत दिवस वह रोजाना की तरह ई–रिक्शा लेकर घर से निकला था, लेकिन देर शाम होने तक भी देवेंद्र वापस नहीं लौटा, जिसके बाद परिवार के लोग परेशान हुए और उन्होंने देवेंद्र को फोन किया। देवेंद्र के परिवार की परेशानी उस वक्त और ज्यादा बढ़ गई, जब उसका फोन स्विच ऑफ आया। इसके बाद परिवार ने देवेंद्र को जगह–जगह तलाशा, लेकिन देवेंद्र का कुछ पता नहीं चला। बाद में जानकारी करने पर पता चला कि देवेंद्र हनुमान चौक स्थित एक दुकान से माल उठाकर रामपुरी में किसी के यहां देने गया था, जिसके बाद से देवेंद्र का कुछ पता नहीं चला। देवेंद्र के परिजनों ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है।

छापेमारी में पेट्रोल –डीजल का अवैध पेट्रोल पम्प पकड़ा

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव कल्लरपुर के जंगल में पूर्ति विभाग ने छापेमारी करते हुए अवैध पेट्रोल पम्प पकड़ा है। जमीन में ३ हजार की क्षमता वाला ट्रैंक दबाकर डीजल जमा किया था। इस अवैध पेट्रोल पम्प से ग्रामीण अपने वाहनों के लिए डीजल व पेट्रोल खरीदते थे। फिलहाल इस मामले में खेत मालिक समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है। जिला पूर्ति विभाग को जानकारी मिली थी कि शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव कल्लरपुर के जंगल में एक खेत में अवैध पेट्रोल पम्प संचालित किया जा रहा है। जानकारी पर पूर्ति निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी श्याम सुंदर राम ने टीम को साथ लेकर मौके पर दबिश दी। पूर्ति निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि खेत में एक ३ हजार की क्षमता वाला टैंक भूमि में दबाकर पेट्रोल पम्प चलाया जा रहा था। इस भूमिगत टैंक में लगभग ३०० लीटर डीजल मिला है। इसके अलावा मौके से १७० लीटर पेट्रोल भी बरामद हुआ है। मौके से डिस्पेन्सिंग मशीन, जेनरेटर, खाली ड्रम व अन्य सामान बरामद किया गया है। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि अवैध पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन शिव कुमार निवासी खानपुर, थाना बुढाना ग्रामीणों को डीजल व पेट्रोल बेचता मिला। उससे पूछताछ की गयी, तो उसने बताया कि अवैध पेट्रोल पम्प प्रदीप सैनी निवासी खानपुर, थाना बुढाना संचालित करता है। उसने गांव कल्लरपुर निवासी से जमीन किराए पर ले रखी है। मौके से पेट्रोल व डीजल की खरीदारी के कोई दस्तावेज नही मिले हैं। फिलहाल अवैध पेट्रोल पम्प से बरामद डीजल व पेट्रोल का सैम्पल लेकर जांच के लिए भेज दिया है। शहर कोतवाली में तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है।

मोबाइल टॉवरों में चोरी करने वाले तीन दबोचे

मुजफ्फरनगर, १४ दिसम्बर (बु.)। नई मंडी पुलिस ने जनपद सहित कई स्थानों पर मोबाइल टावरों से कार्ड व अन्य सामान चोरी करने वाले गिरोह को दबोचकर उनसे भारी मात्रा में माल बरामद करने का दांवा किया है। गौरतलब है कि गत दिवस नई मंडी थाने पर दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में मेरठ स्थित रायल कमांड ग्रुप के प्रबंधक विनोद कुमार पुत्र रविंद्र कुमार ने बताया था कि भोपा रोड पर ईवान हॉस्पिटल के सामने स्थित इंडस कम्पनी के मोबाइल टावर से अज्ञात बदमाश एल ८५० कार्ड चोरी कर ले गये हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश में भागदौड़ शुरू कर दी थी। आज पुलिस लाईन में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि नई मंडी कोतवाली प्रभारी पंकज पंत के निर्देशन में नई मंडी पुलिस ने एक सूचना के आधार पर तीन बदमाशों को मोबाइल टावरों से चोरी किये गये कार्ड व अन्य सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि पकड़े गये बदमाश विभिन्न जनपदों में मोबाइल टावरों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। पकड़े गये बदमाश कमल पुत्र चरण सिंह निवासी नुमाइश कैंप, अंकित पुत्र सौराज निवासी अलमासपुर व राहुल पुत्र इतवारी निवासी यूसुफपुर भोपा है। उनके पास से टावर से चोरी किया गया ५ लाख कीमत का कार्ड बरामद हुआ है। बदमाशों को पकड़ने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उपनिरीक्षक राजकुमार राणा, राजीव शर्मा, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार, हरवेंदर, सोविंदर, संजीव कुमार, कान्स्टेबल अजय कुमार व मनेन्द्र सिसोदिया शामिल रहे।

रोडवेज बसों से लखनऊ को रवाना हुई गांव की सरकार

❑बुधवार को मुख्यमंत्री करेंगे ग्राम प्रधानों को संबोधित
❑19 रोडवेज बसों की मदद से गंतव्य की ओर निकले प्रधान
❑210 महिलाओं में से 85 के रवाना होने का दावा

मुजफ्फरनगर, 14 दिसम्बर (बु.)। लखनऊ में बुधवार 15 दिसम्बर को आयोजित होने जा रहे ग्राम उत्कृष्ट समारोह के निमंत्रण को करीब 120 ग्राम प्रधानों ने नकार दिया है, जबकि इस कार्यक्रम को स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे। मंगलवार को जनपद से 19 रोडवेज बसों में 378 ग्राम प्रधान, सचिव व एडीओ आदि लखनऊ के लिए रवाना हुए हैं। इन ग्राम प्रधानों में 85 महिला प्रधानों की संख्या बतायी जा रही है, लेकिन महिला प्रधान के स्थान पर अधिकांश मामलों में उनके पति सम्मेलन में शामिल होने के लिए गए हैं। इसके अलावा इस कार्यक्रम में पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत सचिव भी शामिल होने के लिए लखनऊ गए हैं।

ग्राम प्रधानों की नाराजगी दूर करने के साथ उन्हें प्रेरित करने के लिए लखनऊ में 15 दिसम्बर को प्रदेश ग्राम उत्कृष्ट समारोह होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी ग्राम प्रधानों को निमंत्रण दिया गया है। मंगलवार को जनपद से करीब 378 ग्राम प्रधान लखनऊ के लिए रवाना हुए हैं। यह ग्राम प्रधान 19 रोडवेज बसों में सवार होकर गए हैं। इनके साथ ही इस सम्मेलन में पंचायत सहायक एवं ग्राम सचिव अधिकारी भी रवाना हुए हैं। इस कार्यक्रम में 120 ग्राम प्रधान